वर्ष- 22 अंक - 111 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 04 अक्टूबर 2026

## ...तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीतती

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सपा सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर सपा-कांग्रेस गठबंधन नहीं होता तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाती। उन्होंने यह भी कहा कि अखिलेश के भरोसा दिलाने पर ही राहुल ने रायबरेली से चुनाव लड़ा था। सांसद ने कहा कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटें हमसे न मांगें।




## एशियन गेम्स में इस बार आगे निकलीं भारतीय लड़कियां

**रविवार.एजेंसी।** भारत का एशियन गेम्स में अभियान समाप्त हो गया है। आज इन खेलों का समापन समारोह आयोजित होगा।

इस बार भारत ने 21 गोल्ड, 27 रजत, 37 कांस्य के साथ कुल 85 पदक जीते जो कि पिछले एशियन गेम्स की तुलना में 21 कम हैं। पिछली बार भारत ने 106 पदक जीते थे। खास बात यह है कि इस बार भारत के पुरुष खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला खिलाड़ी आगे निकल गईं। 24 साल बाद भारतीय लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ा।

# को-पायलट नमाज के बहाने उठा और पीछे से मार दी कुल्हाड़ी

## नेतन्याहू ने स्मित मछार से की बात, इजराइल के स्वतंत्रता दिवस में मशाल जलाने के लिए मोदी के साथ बुलाया

**रविवार.एजेंसी।** फ्लाई दुबई के जांबाज भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार से इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फोन पर बात की। मछार ने नेतन्याहू को बताया कि ओमानी को-पायलट हमाम अल-हम्मामी अपनी सीट से यह कहते हुए उठा था कि वह नमाज पढ़ना चाहता है। इसके कुछ ही मिनट बाद उसने पीछे से मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।



स्मित मछार ने बताया कि शुरुआत में उन्हें लगा कि को-पायलट उनके पीछे नमाज पढ़ रहा है। उन्होंने सम्मान के चलते जानबूझकर पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन करीब चार-पांच मिनट बाद अचानक उनके सिर के पिछले हिस्से पर जोरदार वार हुआ। हमले में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी विमान में आपात स्थिति के लिए रखी गई थी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी की सराहना की है। उन्होंने स्मित को 'इजरायल, भारत और दुनिया का हीरो' बताया। नेतन्याहू ने स्मित मछार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने और स्वतंत्रता दिवस समारोह की ज्योत जलाने के लिए आमंत्रित भी किया है। हमले में घायल स्मित को सऊदी अरब से संयुक्त अरब अमीरात ले जाया गया है, जहां वह अपनी चोटों से उबर रहे हैं।

## रोती लड़की बोली- फूलन देवी बनकर बदला लूंगी

**बदायूं.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बदायूं में एक झोपड़ी जल रही थी। सामने एक युवती शिवानी कश्यप गुस्से में खड़ी थी। शिवानी ने कहा कि मैं फूलनदेवी बनकर बदला लूंगी। शिवानी का आरोप है कि पुलिस और लेखापाल की टीम उसके घर में जबरन घुसी और उसकी झोपड़ी में आग लगा दी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ होगी जांच

**रविवार.एजेंसी।** विवादों में घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ केरल में विजिलेंस जांच होगी। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े 2006 के एक पुराने मामले में विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। मामला मलेशियाई इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या और उनके कथित सुसाइड नोट में ज्ञानेश कुमार के नाम से जुड़ा है। जांच में बाहरी दबाव और मूल जांच को प्रभावित किए जाने के आरोपों की भी पड़ताल होगी।

### इंडिया गेट से जंतर-मंतर तक आज फिर मार्च

इधर एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में आज भी इंडिया गेट से जंतर-मंतर तक नागरिक मार्च निकाला जाएगा। मार्च का आयोजन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## इंडोनेशिया में भूकंप

**जकार्ता.एजेंसी।** इंडोनेशिया में आज सुबह 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप सुबह 5:07 बजे आया। इसकी गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी।

## 12 मंजिला इमारत जितने ऊंचे पुल से गुजरेगी भारत की पहली बुलेट

**अहमदाबाद.एजेंसी।** देश में पहली बुलेट ट्रेन की तैयारी जोरों पर है। उम्मीद है कि अगले साल 15 अगस्त को बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का पहला चरण शुरू हो जाएगा और बुलेट ट्रेन पहली बार अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड ट्रैक पर दौड़ने लगेगी। रेलवे ने इसके लिए साबरमती नदी के ऊपर 12 मंजिला ऊंचा बुलेट ट्रेन रेल ब्रिज तैयार कर लिया है। इस पुल की ऊंचाई करीब 118 फीट है।

## अमेरिका ने ईरानी राजनयिकों को भगाया

**न्यूयॉर्क.एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन जनरल असेंबली) के लिए अमेरिका आए ईरानी राजनयिकों को देश से निकाल दिया गया है। महासभा खत्म होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय (स्टेट डिपार्टमेंट) ने दोनों को अमेरिका छोड़ने का आदेश दिया।

## पूर्व सरपंच की हत्या

**लुधियाना.एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना में गांव मनेवाल के पूर्व सरपंच नवतेज सिंह उर्फ नीटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपनी कार में सवार होकर घर लौट रहे थे तभी बाइक सवार दो हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं।

## जिस शूटर को ढूंढ रही थी पुलिस वह जेल में मिला

**प्रयागराज.एजेंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में लंबे समय से फरार चल रहा 5 लाख रुपये का इनामी आरोपी अरमान बिहारी बिहार की जेल में बंद मिला है। पुलिस उसे लंबे समय से ढूंढ रही थी।




## हूतियों ने किया सऊदी अरब पर हमला

### रिफाइनरी पर दागीं मिसाइलें, उठा धुएं का गुबार



**रियाद.एजेंसी।** यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरामको की एक सुविधा को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया है। यह हमला यमन की राजधानी सना और दूसरे प्रांतों पर सऊदी हमलों के जवाब में किया गया। आसपास धुएं और आग का बड़ा गुबार उठता दिखा।

# भाजपाई निकलवाएंगे सेवा ज्योति संकल्प यात्रा

**वर्चुअल बैठक भी विधानसभा की मंडल अध्यक्षों को एक जगह इकट्ठा कर ली जा रही है, हर बूथ से भाजपाई लाभार्थियों को साथ लेकर बाइक पर निकलेंगे, कार्यक्रम स्थल के लिए, आयोजन स्थल की तैयारी भी शुरू, भाजपाइयों के हाथों में मशाल ज्योति, भाजपा ध्वज और आभार की तख्तियां रहेगी**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल के 25 वर्षों को भाजपा सेवा के रूप में मना रही है। इसी क्रम में 7 अक्टूबर को भाजपा सेवा ज्योति संकल्प यात्रा का आयोजन हर बूथ से करेगी। इस आयोजन को लेकर जहां बैठक और वर्चुअल बैठक के आयोजन किए जा रहे हैं। कल भी भाजपा नगर अध्यक्ष ने विधानसभा 4 सहित अन्य विधानसभाओं की वर्चुअल बैठक ली। इस वर्चुअल बैठक में हर विधानसभा के मंडल पदाधिकारी एक जगह एकत्रित हुए और फिर उनसे नगर अध्यक्ष ने चर्चा कर हर बूथ से भाजपाई लाभार्थियों को एकत्रित कर 7 अक्टूबर को टू-व्हीलर पर एक साथ आईडीए ग्राउंड मंगल सिटी के समीप विजय नगर क्षेत्र में पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा में वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री विकसित भारत का सभी संकल्प दिलाएंगे। आयोजन की जिम्मेदारी विधायक रमेश मेंदोला, सौगात मिश्रा, निखिल सोनी, भूपेन्द्र चौहान, भरत खस, सचिन बंसल, मुकेश मंगल को दी गई है। कल भी तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल का दौरा जिम्मेदारों ने किया। कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के अलावा प्रभारी महापौर राजेन्द्र राठौर भी मौजूद रहे। भाजपाई अपने साथ बाइक पर लाभार्थियों को लेकर तय स्थान पर एकत्रीकरण करेंगे और फिर रैली के रूप में हर विधानसभा से भाजपाई लाभार्थियों के साथ विजय नगर आईडीए ग्राउंड पहुंचेंगे। मशाल ज्योति लेकर कार्यकर्ता हाथों में भाजपा ध्वज और प्रधानमंत्री नरेन्द्र के प्रति आभार व्यक्त कर तख्तियां भी लेकर रैली में शामिल होंगे। सभी भाजपाई और लाभार्थियों को सुबह 10 बजे आईडीए ग्राउंड पर पहुंचना है उसके बाद विजय संकल्प सभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे।

## स्टॉल के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के मदन महल गार्डन में आयोजित जन-विश्वास शिविर में जनसेवा, जनसंवाद और सुशासन की प्रभावी तस्वीर देखने को मिली। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की कार्यवाही की। जन संवाद, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, उद्यमी संवाद और विभिन्न विभागों की सेवाएं शिविर के प्रमुख आकर्षण रहे। शिविर में सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। इनमें आधार सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, समग्र ई-केवाईसी, फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराइ गई। सांसद शंकर लालवानी, प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौड़, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य जीतू यादव, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, चंदूराव शिंदे, दीप्ति हाड़ा, सुरेश कुरवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।



## क्विज काम्पटिशन के पुरस्कार में कांग्रेसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास की मौजूदगी में क्विज काम्पटिशन के पुरस्कार वितरण दिए गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा, अर्चना जायसवाल, मुकेश ठाकुर, दीपू यादव, देवेन्द्रसिंह यादव, सादिक खान, लक्ष्मीनारायण पाठक, आफताब खान, साक्षी शुक्ला, कनुप्रिया सत्तन, गज्जू तिवारी, संगीता कांकरिया, प्रहाल महवार, किशोर धुलधोये, जसपाल यादव, अश्विन जोशी, संगीता लश्करी, सुधा भंडारी, संजय यादव, अंकित यादव मौजूद थे।



## सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी दिल्ली से इंदौर और देवास दो दिवसीय दौरे पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने आए। इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुवेग राठी सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर के आज दो कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज दोपहर 2:30 बजे इंदौर पहुंचेंगे। वे दोपहर सवा 3 बजे जाल सभागृह में आयोजित भारतीय पत्रकारिता महोत्सव में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात वे शाम को होटल श्रीमाया रेसीडेंसी में 'पिता मेरे स्मृति में पिता' किताब के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। श्री तोमर शाम 6.30 बजे इंदौर से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## दशपिंड स्थल पर अब रसोईघर की सौगात



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संपूर्ण महाराष्ट्रीयन समाज की मृत्यु पश्चात उत्तर क्रिया के लिए रामबाग स्थित दशपिंड स्थल पर रसोईघर का निर्माण कराया गया है। रसोईघर बनने से उत्तर क्रिया के दौरान आने वाले समाजजनों को भोजन व्यवस्था में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विधायक ने दशपिंड स्थल पर एक नए हॉल के निर्माण की घोषणा भी की। हॉल बनने से क्रिया के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। शुभारम्भ अवसर पर विधायक राकेश शुक्ला, बाबा साहेब तारनेकर, पार्षद गजानंद गावड़े,पार्षद सुरेश टकलकर, सुधीर दांडेकर, दिलीप माने, दिनेश जोशी मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने की सामग्री वितरित और पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं राधेश्याम पटेल ने पूर्व मंत्री रामेश्वर पटेल को याद कर शासकीय स्कूल के बच्चों के बीच पहुंचकर वहां कापी का वितरण किया और स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया एवं विद्यार्थियों को भोजन भी कराया गया।





## 'पिता मेरे स्मृति में' पुस्तक का आज शाम विमोचन

***विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और सम्भागायुक्त रहेंगे मौजूद***

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मीडिया वाला द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. स्वाति तिवारी द्वारा संपादित पुस्तक 'पिता मेरे स्मृति में' का विमोचन समारोह आज शाम 4:30 बजे एबी रोड स्थित होटल श्री माया रेजिडेंसी में आयोजित किया जाएगा। अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सम्भागायुक्त भास्कर लाक्षाकार, राकेश श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे। विमोचन समारोह में सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन एवं साहित्यकार डॉ. अपूर्व पौराणिक पिता के व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों पर अपने विचार साझा करेंगे।

# सुदामा चरित्र के साथ भागवत कथा का समापन

## एमआईसी सदस्य परिवार ने कराई थी कथा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



एमआईसी सदस्य राजेश उदावत और परिजनों ने तिलक नगर में भागवत कथा का आयोजन कराया। भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि कल अंतिम दिन स्कूल के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम भी गाया। डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने कल सुदामा चरित्र के साथ शुकदेव की विदाई प्रसंग का चित्रण किया तो कई श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गई। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पुष्पेन्द्र पाटीदार, राजीव जैन, प्रणव मंडल, रूपेश देवलिया, जितेन्द्र कोल, शैलेन्द्र सिंह, विजय सोनकर, सोनम सोनी, अभिषेक सोनी, दीपक पटेल, रवि साहू, अशोक शर्मा, शरद पाण्डे, कुलदीप सोनी, आलोक अग्रवाल, मुनेश सोनकर, वासुदेव पाटीदार, थाना प्रभारी मनीष लोधा, नेहा शर्मा, विमला मनागरे, पंकज चौहान, विश्वजित चौहान, तीरथपाल यादव, पवन भार्गव, जितेश जोशी, पदम् मित्तल, योगेश गुप्ता, प्रकाश अग्निहोत्री, ओ.पी.गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

# सुमित मिश्रा के मुताबिक जीतू पटवारी कांग्रेस के राखी सावंत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी अपने बयानों से चर्चा में रहते हैं। कल उन्होंने जीतू पटवारी के भाजपा और सरकार पर हमलावार भूमिका पर कटाक्ष किया और कहा कि जैसा कि कलाकार राखी सावंत को फिल्म इंडस्ट्री और देशभर में लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं उसी तरह प्रदेश की राजनीति में जीतू पटवारी को भी लोग उनके बयान पर गंभीरता से नहीं लेते हैं। मिश्रा ने यहां तक कहा कि जिस तरह राखी सावंत सुर्खियों में बने रहने के लिए अलग-अलग हरकतें करती हैं, उसी तरह पटवारी भी राजनीतिक रूप से वैसी ही हरकत करते हैं। पटवारी को हर मुद्दे पर राजनीति दिखती है और उनके निशाने पर हमेशा भाजपा सरकार रहती है और केवल चर्चा में बने रहने का प्रयास पटवारी करते हैं।

# पार्षद के प्रयास से सीमेंटकरण कार्य प्रारंभ



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 की पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के प्रयास से राखी नगर में बची हुई गलियों में सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ हुआ। वहीं न्यू एकता नगर में बची हुई सभी जगह ड्रेनेज लाईन डालने के कार्य का शुभारंभ किया गया। सोनाली मुकेश धारकर, नितिन धारकर, चेतन पंवार, मोहित दुबे, पवन यादव, सुनील रघुवंशी, अमित दुबे, आशा पंवार, कविता पाटील, कपिल प्रजापति, सोनू मकवाना, अरूण पाठक, ओम सुरष्टीया, नितेश व्यास, दीक्षा गौड, घीसालाल, शैतान सिंह मौजूद थे।

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष भागीरथपुरा के लिए निकले

**कांग्रेस ने पीड़ित परिवार के लिए मांगे 1 करोड़ और सरकारी नौकरी, दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण हो दर्ज, कांग्रेस आज करेगी आगे की रणनीति तय**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे आज कांग्रेसियों के साथ भागीरथपुरा के लिए निकले हैं। हाल ही में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट पर भागीरथपुरा के रहवासियों के विचार जानने के लिए कांग्रेस ने आज यह अभियान किया है। इस मुद्दे पर चिन्टू चौकसे ने कांग्रेसियों से आह्वान किया था कि वे भागीरथपुरा उनके साथ चले और आज सुबह उनके निवास पर कांग्रेसी पहुंचे। चौकसे ने कहा कि वे भागीरथपुरा में मृतकों के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वीडियो जारी कर चौकसे ने कहा कि सरकारी आंकड़ा 36 मौतों का है, जबकि ज्यादा लोग मृत हुए हैं। सरकार की जांच रिपोर्ट को भी बेबुनियाद और दबाव वाली रिपोर्ट बताया। चौकसे ने कहा कि इस मामले में क्षेत्रीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अलावा अधिकारियों को बचाया जा रहा है। कांग्रेस अभी भी यह मांग कर रही है कि मृतकों के परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए, साथ ही सरकारी नौकरी भी मृतक के परिजनों को दी जाए और दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया जाए। कांग्रेस आज रविवार को सभी मृतक परिवारों के साथ बैठक भी करेगी और आगे की रणनीति भी तय करेगी।

# महोत्सव में मौजूद रहे मंत्री

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। म.प्र. स्टेट प्रेस क्लब द्वारा जाल सभागृह में आयोजित पत्रकारिता महोत्सव में मंत्री चैतन्य कश्यप ने शामिल होकर सार्थक उदबोधन भी दिया। पत्रकार मिलिंद खाण्डेकर ने भी उदबोधन दिया। प्रवीण खारीवाल ने बताय कि आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। आज पत्रकारिता महोत्सव में दोपहर 2.30 बजे जाल सभागृह में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर भी शामिल होंगे।

# भाजपा ने आज लगाए संसदीय क्षेत्र में 76 स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं सासंद शंकर लालवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की अनवरत सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज इंदौर संसदीय क्षेत्र के शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में हेल्थ कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। आज इंदौर शहर-जिला में 76 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे हैं। इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों को प्रदान किया जाएगा। शंकर लालवानी ने कहा कि 'सरकार आपके द्वार' की भावना के साथ आयोजित यह स्वास्थ्य अभियान नागरिकों के लिए उनके क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले इन स्वास्थ्य शिविरों से बड़ी संख्या में नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

# कांग्रेस प्रभारी लेंगी आज तीन बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राहुल गांधी से छात्रों की गूंज में ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों को नहीं मिलाने की नाराजगी के अलावा राहुल गांधी के आयोजन में लगी टीम को भी राहुल गांधी से नहीं मिलाने की नारजगी के बीच आज प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू दोपहर 1 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक तीन बैठकें ले रही है। ब्लॉक, मंडलम, पदाधिकारी और समन्वय समिति की यह बैठकें होगी। देखना होगा कि आज कितने पदाधिकारी और समिति सदस्य पहुंचते हैं। कितनी नाराजगी दिखाते हैं। ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में सीधे निशाने पर उषा नायडू ही थी।

# भाजपाइयों की सुबह वृद्धजन सेवा और शाम को नमो चाय सेवा स्टॉल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा सेवा आयोजन कर रही है। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आज सुबह भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा परदेशीपूरा वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धों के बीच सेवा आयोजन चलाया। पिछड़ा वर्ग के निखिल सोनी ने बताया कि वरिष्ठ भाजपाइयों की मौजूदगी में आज सुबह वृद्धजनों का सम्मान किया गया। भजन और गीतों की प्रस्तुति का आयोजन भी हुआ। अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने बताया कि मोर्चा द्वारा शाम 4:30 बजे राजवाड़ा पर नमो चाय सेवा का स्टॉल लगाकर आमजनों को निशुल्क चाय पिलाई जाएगी। चाय को मोदी सरकार की योजनाओं के नाम दिए गए है। योजना के अनुसार ही चाय की खासियत भी रहेगी। आयुष्मान भारत चाय - फीकी चाय, उज्जवला चाय - केसर युक्त चाय जैसे नाम दिए गए है। इन दौरान जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों की मौजूदगी सुबह वृद्धा आश्रम में रही और शाम को राजवाड़ा चाय स्टॉल पर भी रहेगी।

# लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रभारी करेंगे जिलों का दौरा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने मध्यप्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी पंकज अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सीधे संवाद कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जाएगी। पंकज अरोड़ा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मध्यप्रदेश में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। वे जल्द ही प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की स्थिति, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ एवं जमीनी स्तर पर विस्तार को लेकर चर्चा करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान युवाओं से जुड़े मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। हाल ही में प्रयागराज में आयोजित 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम में चिराग पासवान ने युवाओं की समस्याओं और अधिकारों के लिए राष्ट्रीय युवा आयोग के गठन की मांग उठाई थी। शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास और युवाओं से जुड़े अन्य विषयों के लिए एक समर्पित मंच की आवश्यकता है। पार्टी इसी मुद्दे को लेकर युवाओं के बीच संवाद और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेगी। पंकज अरोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। पार्टी की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विचारों को प्रदेश के अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया जाएगा। संगठन को हर जिले के विधानसभा स्तर तक मजबूत किया जाएगा, दौरे भी किए जाएंगे।

# समाजवादी जनता पार्टी ने लगाई दूध के दाम कम करने की गुहार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के मध्य प्रदेश महासचिव सैयद साजिद अली ने दूध के दामों में लगातार हो रही मनमानी वृद्धि पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में तुरंत संज्ञान लेने और बढ़े हुए दामों को वापस कराकर आम जनता को राहत देने की मांग की है। अली ने कहा कि दूध परिवार के लिए प्राथमिकता और बच्चों के लिए अनिवार्य, बुजुर्ग के स्वास्थ्य से लेकर घर के सदस्यों के लिए दूध दैनिक आवश्यक वस्तु है, लेकिन पिछले कुछ समय से डेयरी कंपनियों और दूध विक्रेताओं द्वारा मनमाने ढंग से रेट बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। आम जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में दूध जैसी आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ाना सीधे तौर पर जनता की जेब पर डाका डालने जैसा है। शासन एवं प्रशासन तुरंत दखल देकर दूध की कीमतों को नियंत्रित करे और आम उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाए। यदि सरकार ने जल्द ही इस मनमानी वृद्धि पर रोक नहीं लगाई, तो पार्टी जनता के हितों के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को विवश होगी।

# निगम पटेल नगर बावड़ी कांड की पुनरावृत्ति की प्रतिक्षा में-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि कुछ साल पहले रामनवमी पर पटेल नगर बावडी पर बने मंदिर के अचानक धंसने पर 36मौते हुई, कुछेक घायल हुए थें। मामला उच्च न्यायालय पहुंचा, न्यायालय ने इंदौर नगर निगम को कुंए बावडी जलाशयों आदि पर से अतिक्रमण हटाने, पुराने ऐतिहासिक महत्व के कुंए बावडी का संरक्षण करके सुधारने आदि के आदेश दिए थे। आदेश का पालन ना करने पर तात्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के खिलाफ न्यायालय अवमानना याचिका दायर की गई है जो लंबित है। याचिकाकर्ता पूर्व पार्षद महेश गर्ग एवं एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी थे तथा अवमानना याचिका भी इन्होंने दायर की। एड्वोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन इतनी बड़ी घटना के बाद भी चेतन्य नहीं हुआ है, जागा नहीं है। द्विवेदी ने कालानी नगर चौराहे पर मौसा जलेबी सेंटर के पास स्थित कुएं पर ऊपर से टीन चद्दर आदि डालकर कुंए पर जाली डालकर अब उसके ऊपर मंदिर बनाने की लगातार कोशिश को उजागर किया। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जब कुंए के पास कोने पर मंदिर है तो कुंए के ऊपर टीन शेड डालकर किसके आदेश पर यह किया जा रहा है, कौन लोग हैं जो कुंए पर मंदिर बनाने में लगे हुए हैं। इस कुंए पर रविवार रात्रि को सैकड़ों लोग आते हैं और भोग भंण्डारा लगाते है भजन कीर्तन करते हैं तथा न्याय दरबार भी कुछेक लोग लगाते हैं, द्विवेदी ने सवाल उठाया कि इस क्षैत्र के रहवासी, आसपास के दुकानदार इससे चिंतित हैं तथा वे इस कुंए को बचाना भी चाहते हैं, कुंए के पास बनें मंदिर को व्यवस्थित करते हुए, द्विवेदी ने सवाल उठाया फिर नगर निगम एवं जिला प्रशासन क्या किसी बड़े हादसे के बाद संज्ञान लेगा, अगर इसपर जल्दी संज्ञान नहीं लिया गया तो न्यायालय की शरण ली जावेगी।

# मूसाखेड़ी क्षेत्र में 200 से ज्यादा मकान तोड़ने के लिए निगम तैयारी में

## मास्टर प्लान की सड़क को आकार देने के लिए दौरे पर पहुंचे अधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा मूसाखेड़ी क्षेत्र में 200 से ज्यादा मकान तोड़ने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्षेत्र से बनाई जाने वाली मास्टर प्लान की सड़क को आकार देने के लिए आज**



**अधिकारी दौरे पर पहुंच गए।**

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा हर दिन ही सुबह के समय पर दौरा किया जा रहा है। वे अपने साथ नगर निगम के अधिकारियों को लेकर कभी बनाई जा रही सड़कों के काम की गति को देखने के लिए पहुंचते हैं तो कभी जहां पर सड़कों का निर्माण किया जाना है वहां पर की गई तैयारी को देखने के लिए पहुंचते हैं। इस कड़ी में आज सुबह सिंघल निगम के अधिकारियों को लेकर पहुंच गए।

इंदौर के मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़क आर ई 2 का निर्माण नगर निगम के द्वारा काफी समय से किया जा रहा है। इस सड़क को बनाने में जिन मकानों के निर्माण बाधक बन रहे हैं उन्हें हटाने की कार्रवाई अभी पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में आज कमिश्नर के द्वारा अधिकारियों को साथ में लेकर दौरा किया गया और इन निर्माणों को हटाने के बारे में योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। निगम के अधिकारियों ने बताया कि मूसाखेड़ी क्षेत्र में 200 से ज्यादा मकानों के निर्माण तोड़ना पड़ेंगे तब जाकर इस सड़क के लिए रास्ता मिल सकेगा। इसमें जिन लोगों के मकान पूरी तरह टूटने की स्थिति बन रही है उन लोगों को नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान देने की पहल भी की जा रही है। निगम को अब प्राथमिकता के साथ इस सड़क का निर्माण करना है।

आज जब आयुक्त दौरे पर पहुंचे तो उन्होंने निगम के अधिकारियों को कहा कि सड़क के बाधक निर्माण जल्दी से जल्दी तोड़ने के लिए काम करना चाहिए। इसके लिए योजना बनकर तैयार करो और काम को आकर दो।

# 15 जोनल कार्यालयों पर आज होगा जनता की समस्याओं का समाधान

## सरकार की योजनाओं का लाभ भी नागरिकों को दिलाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा आज शहर के 15 जोनल कार्यालय पर जनता की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।**

राज्य सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य यह है कि नागरिकों के घरों पर जाकर उन्हें सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाया जा सके और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस अभियान के तहत आज नगर निगम के 15 जोनल कार्यालय पर शिविर लगाया जा रहा है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि 1, 2, 3, 4, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 20 एवं 21 में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया है। यह अभियान प्रदेश में चल रहे व्यापक सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों, विशेषतः श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों और कमजोर वर्गों को पहुंचाना है। इस शिविर में पूर्व से योजना का लाभ प्राप्त किये जाने वाले हितग्राहियों की जानकारी का संकलन, शेष पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध करना तथा शेष रहे हितग्राहियों को क्रमबद्ध तरीके से लाभ दिलाना शामिल किया गया है। इस शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जो लोग पहुंचेंगे उनके पृथक से पंजीयन भी किया जाएगा।





# लोकसेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) की असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा दो सत्रों में आज हो रही है। आज शहर में 30 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हो रही है। करीब 12 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में भाग ले रहे है। परीक्षा दो सत्रों में है।सुबह 10 से 11 बजे तक और दोपहर 1 से 4 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा केन्द्रों पर आज सुबह अभ्यर्थी निर्धारित समय पर पहुंचे जहां उनकी थ्री लेयर सिक्यूरिटी के तहत चैकिंग की गई। केन्द्र में प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

# अग्रसेन ग्रुप की चित्रकला प्रतियोगिता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा आज सुबह से कृष्णपुरा छत्री पर सभी समाज के बच्चों के लिए खुली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



शिव जिंदल, राजेश गर्ग, कमलेश मित्तल, विनोद गोयल, राजू बंसल, राजकुमार बंसल, सतीश गोयल सहित अन्य मौजूद है। यह प्रतियोगिता तीन समूह ग्रुप ए 6 से 8 वर्ष, ग्रुप बी 9 से 11 वर्ष एवं ग्रुप सी 12 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। तीनों समूह के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# माहेश्वरी कुटुम्ब ने गणेश मंदिरों में पहुंचकर दिया महारास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रकाश शारदा अजमेरा ने बताया कि 13 से 15 अक्टूबर तक स्कीम नं. 71 स्थित ब्लू लोटन गार्डन पर गरबा महारास का आयोजन किया जाना है और इसके पहले 4 दिनों तक रजिस्ट्रेशन करवाकर गरबा करने वालों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। इस आयोजन को लेकर आज पहला निमंत्रण चिंता हरण गणेश मंदिर, खड़े गणेश मंदिर और जूनी इंदौर के प्राचीन गणेश मंदिरों में दिया गया। भगवान गणेशजी को भोग लगाकर आरती भी की गई, माता रिद्धि-सिद्धि और परिवार के साथ आने का निमंत्रण दिया गया। मंदिर निमंत्रण के बाद मौजूद माहेश्वरी समाजजन होटल पहुंचे, जहां सुबह के नाश्ते के दौरान पेटपूजा की गई। इस दौरान प्रकाश शारदा अजमेरा, अशोक ईनानी, रजत लड्ढा, पुष्प गीता माहेश्वरी, प्रकाश माहेश्वरी, गोपाल राठी, संतोष साबू, मधुसूदन भलिका, गौरव दरक, रूपेश भूतड़ा, अनिल मंत्री, अभय डागा, गोविन्द बियाणी, प्रदीप जाखेटिया, कैलाश जाजू, श्रीमोहन नीता सोमानी, मनोज किरण छापरवाल, बृजकिशोर बांगड़, अनिल लड्ढा, अंचित्य बलदवा, मयंक मूंदड़ा, गोविंद मारू, प्रवीण अजमेरा, डॉ. नीलेश माहेश्वरी, भगवती काबरा, अशोक मंजू जाजू सहित अन्य मौजूद थे।

# रतलाम से आएगी मशीन, जलकुंभी हटाकर बूंद-बूंद बचाने का प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इस बार बारिश ने दगा दिया तो अब शहर में तालाबों में बची पानी की हर बूंद को सहेजने की चुनौती खड़ी हो गई है। जिले में औसत बारिश के मुकाबले इस वर्ष आधे से भी कम पानी बरसा है। इसका सीधा असर जलस्रोतों पर दिखाई दे रहा है। आने वाली गर्मियों में जल संकट गहराने की आशंका के बीच नगर निगम ने अब तालाबों में बचे पानी को बचाने की कवायद शुरू कर दी है। यशवंत सागर और सिरपुर तालाब में फैली जलकुंभी हटाई जाएगी, ताकि उपलब्ध पानी को ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जा सके।

## सिरपुर और यशवंत सागर तालाब पर फैली जलकुंभी

नगर निगम जल यंत्रालय के कार्यपालन नियंत्रक नरेश कुमार भास्कर के अनुसार, यशवंत सागर में वर्तमान में जितना पानी उपलब्ध है, उसे दूषित होने से बचाने के लिए जलकुंभी और अन्य अवांछित तत्व हटाए जाएंगे। तालाब के बड़े हिस्से में जलकुंभी फैल चुकी है। इसे हटाने के लिए दो मशीनें लगाई जाएंगी। निगम वर्कशॉप के पास उपलब्ध मशीन के साथ दूसरी मशीन रतलाम से मंगाई जा रही है। सिरपुर तालाब में भी जलकुंभी हटाने का काम किया जाएगा।

### कम बारिश के इस साल में चुनौती

*यह स्पष्ट है कि नए जलस्रोत मिलने तक पुराने जलस्रोतों में बची हर बूंद को बचाना होगा। तालाबों की जलकुंभी हटाने की कार्रवाई इसी बड़े संकट से पहले की जा रही तैयारी का हिस्सा है।*

### ओवरफ्लो नहीं हुआ तो तालाबों में जम गई जलकुंभी

निगम अधिकारियों के मुताबिक, हर साल बारिश के दौरान तालाब ओवरफ्लो होने पर पानी के बहाव के साथ जलकुंभी भी बाहर निकल जाती थी। इससे तालाब का पानी अपेक्षाकृत साफ रहता था। इस बार कम बारिश के कारण तालाब ओवरफ्लो नहीं हुए और जलकुंभी वहीं फैलती चली गई। अब यही जलकुंभी तालाब के बचे पानी की गुणवत्ता के लिए चुनौती बन रही है।

### बोरिंग ने साथ छोड़ा तो संकट तेजी से गहराएगा

नगर निगम की चिंता सिर्फ तालाबों तक सीमित नहीं है। शहर में भूजल स्तर गिरने और बोरिंग के जवाब देने की स्थिति पर भी नजर है। अधिकारियों का कहना है कि यदि आगामी नवरात्रि के दौरान दो-तीन अच्छी बारिश हो जाती है तो भूजल स्तर में सुधार की उम्मीद है और गर्मियों तक बोरिंग से पानी मिलने की संभावना बनी रह सकती है। फिलहाल नर्मदा से शहर को प्रतिदिन पर्याप्त पानी मिल रहा है, लेकिन भविष्य की जरूरत को देखते हुए पानी बचाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

# दलालबाग में जैन समाज से निगम ने फिर लिए 1 लाख

## अब ड्रेनेज शुल्क और पहले कचरा शुल्क के भी 1 लाख करा लिए थे जमा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दलाल बाग में दिगम्बर जैन समाज मुनि पुंगव संत सुधा सागर म.सा. का चातुर्मास करवा रहा है। प्रारंभिक दौर में ही 11 लाख की राशि दलाल बाग को किराये के रूप में दी गई थी। प्रारंभिक दौर में जैन समाज को यह जगह केवल 50 हजार रु. में मिलती थी, पिछली बार 8 लाख रु. में यह जगह दी गई थी अब जरूरत देखकर दलाल बाग आयोजकों ने भी 11 लाख की राशि कर दी। इसके अलावा भी 4 डोम और अन्य टेन्ट व्यवस्था के अलावा बड़े-बड़े जनरेटर भी लगाए गए हैं, बिजली का बिल भी लाखों रुपये महीना आ रहा है, सुबह और शाम दोनों समय सैकड़ों



kotak
ULB Collection Revenue System
ULB Name
Indore Nagar Nigam
Payer Name
Digamber Jain Dharm Prabhawna Samiti Dalal Bag Indore
Mobile No. 9926900055
TID 3295296A
Transaction ID 7180872776
Date & Time 03/10/2026 11:55:09
RI/ARI Mr. Pankaj singh rathore
Trans Type Vividh Cash Desk
Ward Ward-7
Zone ZONE - 1
Payment Mode CASH
Head Fees & User Charges / शुल्क और उपयोगकर्ता शुल्क
Sub Head Penality & Fine -Other / दंड और जुर्माना-अन्य
GST Amount 0
Penalty 0
No of Receipt 1
Remark Septage prabandhan shulk tank safai sewage niptan
Paid Amount INR 100000.00
Disclaimer: This is a system generated receipt and does not



लोगों का भोजन बन रहा है। बाहर से आने वाले मेहमानों को भी होटल और अन्य जगह पर ठहराया जा रहा है। होटल का बिल भी आयोजक दे रहे हैं। जनरेटर के लिए डीजल की व्यवस्था भी की गई है, बिजली का बिल भी करीब 3 लाख रु. महीना आ रहा है। इधर नगर निगम ने प्रारंभिक दौर में ही कचरा शुल्क की राशि 1 लाख रु. जमा करवा ली थी, अब नगर निगम ने कल ड्रेनेज व्यवस्था शुल्क की 1 लाख रु. की रसीद काटी, जिसे कल आयोजकों ने भरा। इधर सूत्र बता रहे हैं कि आयोजकों का कहना है कि जैन समाज के इस धार्मिक आयोजन के लिए नगर निगम को कचरा और ड्रेनेज प्रबंधन शुल्क से मुक्त रखना चाहिए, इधर दलाल बाग को भी राशि चातुर्मास के लिए कम ही लेना चाहिए। संस्था यही चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा जैन समाजजन आए, संत के प्रवचन और दर्शन का लाभ लें। दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति ने भी कल 1 लाख रु. ड्रेनेज शुल्क के भरे। निगम से संबंधित विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी संत के दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं और उनके विभाग के ही नगर निगम द्वारा दो रसीदे 1-1 लाख की काटी गई है।

**और भी लगे हुए हैं बड़े खर्च, रोजाना सुबह-शाम बनता है भोजन, टेंट किराया, जनरेटर डीजल और व्यवस्था पर भी है खर्च**

# 450 नन्हे-मुन्नों ने सीखा सड़क सुरक्षा का पाठ

## ट्रैफिक सफारी में स्कूल बस की सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक सिग्नल तक समझे नियम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। यातायात पुलिस इंदौर द्वारा 'ट्रैफिक सफारी' का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत देलही पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल के लगभग 450 नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित ट्रैफिक पार्क, इंदौर का रोचक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण किया। यहां बच्चों को खेल-खेल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यातायात निरीक्षक नारायण सिंह डामोर, निरीक्षक सीमा गुप्ता एवं आरक्षक सुमंत सिंह ने बच्चों से दोस्ताना अंदाज में संवाद करते हुए उन्हें यातायात संकेतों, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों तथा विभिन्न ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और पुलिसकर्मियों से यातायात से जुड़ी



अपनी जिज्ञासाओं का समाधान जाना। इस दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ कहा 'पुलिस हमारी दोस्त है' और 'ट्रैफिक रूल्स हमारी सेफ्टी के लिए हैं।' 'ट्रैफिक सफारी' के दौरान बच्चों को स्कूल बस में सुरक्षित सफर से जुड़े महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों की भी जानकारी दी गई। बस में चढ़ते एवं उतरते समय बरती जाने वाली सावधानियों, बस के आसपास सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा यात्रा के दौरान अनुशासन का महत्व समझाया गया। बच्चों को स्कूल बस में उपलब्ध पैनिक बटन, कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के बारे में बताया गया तथा इनके उपयोग एवं महत्व को सरल भाषा में समझाया गया।



## सांची दूध उत्पादकों को मिली सौगात

**इंदौर।** भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के बबलू जाधव ने बताया कि सांची दूध उत्पादकों ने बोनस और लाभांश को लेकर 150 से अधिक डेयरियों से ज्ञापन दिए गए थे और अपनी मांग रखी गई थी, जो लम्बे समय से लम्बित थी। अब दूध उत्पादकों को बोनस और लाभांश की राशि मिलेगी। इसे भारतीय किसान मजदूर सेना के बबलू जाधव ने दूध उत्पादकों की जीत बताया। इस मांग अभियान से बबलू जाधव, शैलेन्द्र पटेल, चंदनसिंह बड़वाया, प्रवीण ठाकुर, सुभाष राठौर सहित अन्य जुड़े हुए थे।

## पानी नहीं आ रहा लेकिन रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए स्पॉट फाइन

### *5 संस्थान एवं भवनों पर कार्रवाई 11 स्थानों पर जियोटेकिंग की कार्रवाई*

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम द्वारा शहर में वर्षाजल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए भवनों, संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाने की लगातार जांच की जा रही है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं पाए जाने पर संबंधित भवन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगम ने 5 संस्थानों एवं भवनों पर 55 हजार रुपये का स्पॉट फाइन फायर सिस्टम नहीं उदय ट्रैवल्स पर 10 हजार का चालानी 11 स्थानों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए जियोटेकिंग की। मैरिज हॉल पर 20 हजार रु. का जुर्माना, विसडम स्कूल एवं सत्यसाई स्कूल दोनों संस्थानों पर 10-10 हजार रु. का जुर्माना लगाया गया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर सिस्टम पाए गए, ऐसे 11 स्थानों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए जियोटेकिंग की गई। निहालपुरा के जायसवाल लॉज पर 10 हजार रु., आजाद नगर में भी एक जगह 9 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई। इस तरह मानसून का सत्र समाप्त हो गया और इस बार पानी काफी कम है फिर भी निगम की रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच और चालानी कार्रवाई जारी है।



# निजी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने वाले उद्यमियों को अनुदान

## मंत्री कश्यप बोले-800 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से मिलेगा लाभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश में नवीन लघु उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यदि उद्यमी अपने क्षेत्र में लघु उद्योगों की स्थापना के लिए नया निजी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाते हैं, तो मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उन्हें 800 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री श्री चैतन्य कश्यप ने लघु उद्योग भारती के उद्यम समागम-2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। एमएसएमई मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश में नवीन लघु उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश





सब्सिडी वितरण के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों को सब्सिडी की राशि ऑनलाइन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को भी सरल और त्वरित बनाया गया है तथा लगभग दो माह की अवधि में सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि उद्यमियों को उद्योग स्थापना एवं संचालन के दौरान आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों और प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो। श्री कश्यप ने लघु उद्योग भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समागम केवल विचार-विमर्श के मंच नहीं हैं, बल्कि लघु उद्योगों के विस्तार और उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु उद्योगों के विकास के लिए उद्यमियों में जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण आवश्यक है, जिसके लिए लघु उद्योग भारती निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन दादू ने कहा कि संगठन देश के 27 राज्यों में सक्रिय है और इसके लगभग 70 हजार सदस्य हैं। छोटे एवं लघु उद्योगों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को सरकार तक पहुंचाने तथा उद्यमी हितैषी नीतियों के निर्माण एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन में लघु उद्योग भारती महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य देशभर के छोटे उद्यमियों को एक मंच उपलब्ध कराना और उनके विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। दादू ने महिला उद्यमिता एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में लघु उद्योग भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि देश में 65 महिला इकाइयां स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से महिलाओं को उद्योग एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अरुण सोनी, वर्षा जैन, वज्जू वगासिया, ताराचंद गोयल, समीर मूंदडा, अतीत अग्रवाल, सीपी दुबे, अशोक अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



# जीतो एपेक्स के पृथ्वीराज कोठारी का स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन समुदाय ने इंटरनेशनल जीतो एपेक्स के अध्यक्ष के रूप में अपने उल्लेखनीय दो साल के कार्यकाल के सफल समापन के बाद मुम्बई से इंदौर पहुंचने पर इंटरनेशनल जीतो एपेक्स के निवर्तमान अध्यक्ष और मोहनखेडा तीर्थ ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी का विमानतल पर स्वागत किया। जयसिंह जैन, प्रकाश भटेवरा, नरेन्द्र भंडारी, उपेन्द्र जैन, हितेन्द्र मेहता, जयंतीलाल बाफना, महावीर जैन भाभरिया, अतुल जैन मौजूद थे।

# युवतियों व छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवी अहिल्या मंच और पुण्याति वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि से पहले युवतियों व छात्राओं के लिए स्कूल व कॉलेजों में अहिल्या आत्मरक्षा शिविर के आयोजन किए जा रहे हैं, इसी क्रम में शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास में भी एक बड़े आत्मरक्षा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों युवतियों ने नवरात्रि में मनचलों को सबक सिखाने की ट्रेनिंग ली। शिविर डॉ. मालासिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया।



# बैकुण्ठधाम में पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बैकुंठ धाम कॉलोनी के गार्डन नंबर-1 में रहवासी संघ के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। रमेश गुप्ता, दिनेश रणधर, एन.के. मेहता, शोभा दुबे मैडम, राजेश दुबे,संजय सिंग, राजेंद्र बिराणी, सुनील संघवी, रमेश पांडे, गोविंद सोनी, रामू कुशवाह, शैलेन्द्र डांगी सहित अन्य मौजूद थे।

# जाग्रति मिशन आज दोपहर कर रहा है माता-पिता एवं वरिष्ठजनों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल के तत्वाधान में आज स्कीम नं. 71 स्थित गार्डन में दोपहर 3 बजे से माता-पिता एव वरिष्ठजनों के सम्मान में 15 माता-पिता तुल्य वरिष्ठजनों का चरण वंदन करते हुए आत्मीय अभिनंदन किया जावेगा। आयोजन से राजेंद्र अग्रवाल, कृष्णमुरारी शर्मा, दिलीप बड़ोले, राजेश विजयवर्गीय, अनिल शर्मा बंटी, गोविंद गंगराड़े जुडे हुए है।

# नशा मुक्ति का संकल्प और जनजागरूकता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मानव अधिकार एवं न्याय संस्थान द्वारा अहिल्या प्रतिमा राजबाडा पर संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज के निर्माण और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। अनुराधा बैस, डॉ. संगीता मेंदोलिया,दिलीप गोगने, डॉ आनंद शर्मा, विक्रांत ओबेरॉय, भारती जैसवार, ज्ञानप्रकाश यादव, रुपेश पाल, अजीजुर रहमान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# ब्राह्मण बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ की तर्पण विधि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री राम मंदिर पंचकुइया में ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज सहित संतों और शहीद सैनिकों को किया याद किया। बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तर्पण की विधि संपन्न की। ब्राह्मण बटुकों ने विधि-विधान से तर्पण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। संतों और शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को स्मरण किया।



# 150 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमजी रोड टीआई मॉल के सामने क्लिनिक पर 150 से अधिक लोगों ने डेंटल हेल्थ कैम्प में शिरकत की। दांतों की सफाई और नियमित व्यायाम भी बताए। डॉ. रोनक डागलिया, डॉ. रोशनी जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# आज दोपहर से भागवत कथा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महादेवी दिव्य धाम सेवा समिति के तत्वावधान में आज से 10 अक्टूबर तक भागवत कथा का आयोजन दोपहर 2 से शाम बजे तक पंडित राजेश के श्रीमुख से महादेव दिव्य धाम मयूर नगर मूसाखेड़ी में आयोजित होगी।

# सिंधी समाजजनों ने मनाया महालक्ष्मी पर्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गज पर सवार महालक्ष्मीजी का पूजन कल सभी समाज के लोगों ने किया। सिंधी समाज ने महालक्ष्मी माता का पूजन आराधना की।



सिंध रक्षक संगठन की चांदनी नरेश फुंदवानी ने बताया कि परिजनों को पीला धागा पहनाया गया, ब्राह्मण के यहां भोजन सामग्री भी भेंट की गई, महालक्ष्मीजी को भोग लगाया, पूजा अर्चना भी की गई यह कार्य कल सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में मातृशक्तियों ने महालक्ष्मी माता का पूजन कर परिवार की खुशहाली की कामना भी की।



# विद्यार्थियों ने सीखे स्वस्थ दिनचर्या के गुर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सामाजिक संस्था बैक टू बेसिक्स सोशल वेलवेयर सोसायटी द्वारा पोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निजी स्कूल की छात्राओं को विशेषज्ञ डा. पूनम विशाल ज्वेल ने किशोरावस्था में कैसा आहार हो, कैसी दिनचर्या हो इसको लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होने किशोरावस्था में शरीर में होने वाले परिवर्तनों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही खेलकूद, व्यायाम को दिनचर्या में स्थान देने के लिए भी कहा।



# हनुमान अंश देखने सामूहिक पहुंचे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 के वार्ड 13 से फिल्म हनुमान अंश का शो देखने सामूहिक रूप से रहवासी योग मंदिर परिसर में पहुंचे। आयोजन भाजपाइयों ने किया था। पराग कौशल, गोविंद सिंह पंवार, अन्ना सिंगारे, पारुल सोमानी, सुमित शुक्ला, संजय रघुवंशी, सुनीता गुरुंग, प्रमोद चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

# दिगम्बर जैन महिलाओं का आज से दो दिवसीय अधिवेशन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दलाल बाग पर संत सुधासागर म.सा. के सानिध्य में आज से राष्ट्रीय स्तर पर जैन महिला अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। देशभर से हजारों दिगम्बर जैन मातृशक्तियां इस महाकुम्भ अधिवेशन में शामिल हो रही है। कल सुबह 7 बजे बड़ा जुलूस मिडफ्लाइट होटल से दलाल बाग तक निकाला जाएगा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी। आज और कल दोनों दिन महिलाओं से जुड़े विभिन्न सामयिक और ज्वलंत विषयों पर विचार मंथन होगा। डॉ. ममता जैन, नीरू छाबडा, सुमन दिग्विजय जैन को नारी गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सपना-मनीष गोधा, शिवानी-नवीन गोधा ने बताया





कि 5 हजार से अधिक महिलाएं दो दिनों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। आज सुबह ध्वजा रोहण और ध्वज गीत, चित्र अनावरण और मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुरूआत हुई। डॉ. ममता जैन मुख्य वक्ता होंगी। मुनि की मंगल देशना भी आज हुई। दोपहर में गीत सत्र चलेगा। तीसरा सत्र रात 8 बजे से जिसमें खेलकूद स्पर्धाएं, रिले रेस, म्यूजिकल चेयर जैसे आयोजन होंगे। जुलूस संयोजक राहुल सेठी, साधना दगडे, गौरव पाटोदी, राहुल झांजरी, अंकुल पाटोदी एवं सुयश जैन तैयारी में जुटे है। नवीन गोधा, मनीष गोधा, हर्ष जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, आकाश जैन, अशोक डोसी आयोजन की तैयारी देख रहे है।

# गांधीनगर बस्ती में बच्चों का पथसंचलन निकला



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सुबह गांधी नगर के परशुराम मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शालेय विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला गया। जिसमें छोटे बच्चों ने कदमताल मिलाया इंदौर विभाग अधिकारी प्रशांत सिसोदे, दिलीप देवड़ा, जगदीश दसौन्दी उपस्थित रहे, जहां से भी यह अनुशासित पथ संचलन बच्चों का निकला वहां लोगों ने एक जैसी वेशभूषा में अनुशासन देखा।



# माहेश्वरी समाजजनों ने की गौसेवा

## राम-नाम की माला भी जपी और हनुमान चालीसा पाठ भी किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा श्रीकृष्ण गौशाला- फूटीकोठी परिसर में गौसेवा का आयोजन किया। जहां माहेश्वरी समाजजनों ने गौशाला में सेवा के साथ रामनाम की माला व श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान मनोज कुईया, भरत तोतला, चंद्रशेखर पसारी, गोविन्द बियाणी, युगल राठी, राजेश मानधन्या, संजय मानधन्या, धर्मेन्द्र आगीवाल, अनुज राठी, अजय लाहोटी, गोपाल जाखेटिया, राजेश मुछाल, देवेन्द देवपुरा, दिनेशजी अजमेरा, गोपाल सोमानी, सुनील सोमानी, राम गांधी, विनोद काबरा, राजेन्द्र गट्टानी, मनीष जाखेटिया, गिरीश परवाल, मनोज धूत, विपिन तोतला, वैभव अजमेरा, राहुल काबरा, पवन डागा सहित अन्य मौजूद थे।

# अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र का घर-घर न्योता शुरू



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार 8 अक्टूबर को निकाली जाने वाली महाराजा अग्रसेन की पालकी यात्रा के आमंत्रण का लोकार्पण वरुण विक्ट्री परिसर में क्षेत्र के समाज बंधुओं की मौजूदगी में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के चित्र की साक्षी में किया गया। इसके साथ ही आज से क्षेत्र की 70 कॉलोनियों के 560 परिवारों को पीले चावल सहित घर-घर जाकर निमंत्रण देने का अभियान भी शुरू कर दिया गया। अरविन्द बागडी, मनीष अग्रवाल मन्नू ने बताया कि इस अवसर पर दिलीप अग्रवाल पालदा, गोपाल अग्रवाल, हरिकिशन जिंदल, खेमचंद अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, अशोक गोयल माउंट, दिलीप नरेडी, संजय कंसल बीआरजी, एनपी ऐरन, मनीष सिंघल, शशि ऐरन एवं निधि बागड़ी मौजूद थे।



# अग्रसेन जयंती जुलूस का बप्पा और माता को पहला न्योता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा रविवार 11 अक्टूबर को शाम 5 बजे से राजबाड़ा से चिमनबाग मैदान तक निकाले जाने वाले जुलूस का पहला न्योता खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया। ग़णेश गोयल, अरविन्द बागडी, राजेश बंसल, किशोर गोयल, राजेश गर्ग, जूली सिंहल, राधा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, आभा अग्रवाल एवं संध्या गुप्ता, तृप्ति गोयल, संतोष सिंघल सहित अन्य मौजूद थे।



# पोषण माह मनाया गया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महिला बाल विकास विभाग में चलाए जा रहे पोषण अभियान के अंतर्गत सांवेर परियोजना के सेक्टर शिप्रा ग्राम बरलाई जागीर के आंगनवाड़ी केंद्र बरलाई 3 में पोषण माह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि महिलाएं अपने बच्चों को घर का पौष्टिक खाना खिलाए, आंगनवाड़ी पोषण आहार के व्यंजन बनाकर खिलाए और बाहर के चिप्स, मेगी, कुरकुरे आदि न खिलाए जिनसे कि कुपोषण को बढ़ावा मिले,इसके अलावा महिलाओं के साथ कुपोषण को गांव से समाप्त करने की शपथ ली गई। इस दौरान शुभ्रता सोनुले, शालिनी पाल, बबीता पांचाल, मंजु प्रजापत, कोमल बौरासी की भूमिका अग्रणी रही।

# अग्रवाल महासंघ विजयनगर ने निकाली प्रभातफेरी



## शाम को भजन जेमिंग एवं शिव तांडव की प्रस्तुति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आज सुबह 7 बजे पंचमुखी बालाजी मंदिर, सत्य साईं चौराहा से वसंत विहार शांति निकेतन होते हुए कम्यूनिटी हॉल तक प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें महाराजा अग्रसेन को रथ पर सवार किया गया था। प्रभातफेरी के बाद महाआरती की गई। रास्ते में महाराजा का पूजा किया और समाजजनों का स्वागत भी किया गया। बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। आज शाम को स्कीम 78 स्थित सभागृह में भजन जेमिंग और शिव तांडव का रंगारंग आयोजन होगा। अग्रसेन जयंती के दिन 11 अक्टूबर को क्षेत्र के सभी समाज बंधु अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर 5-5 दीपक भी लगाएंगे। किशोर गोयल, नीतेश बंसल, शैलेन्द्र अग्रवाल, नीरज गोयल, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल एवं अमित बंसल, प्रीति-ऋषभ जैन, भावना-मनीष गर्ग, संध्या-संदीप गर्ग, आभा-नीरज गोयल, पवन अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल, मनीष गर्ग, रोहित सिंघल, विनय गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रवीण गोयल, शीतल-संदीप अग्रवाल, कविता-मनीष गर्ग, रुपाली-रोहित सिंघल, बबिता-नवीन अग्रवाल, सरिता-शशांक अग्रवाल, स्वाति-अतुल गुप्ता, पिंकी-पंकज अग्रवाल, ज्योति-पंकज अग्रवाल, उषा-विमल अग्रवाल एवं साक्षी-नीरज गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

# कामगार संघ ने किया स्मृति में पौधारोपण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन्दौर नगर अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ नरेंद्र कल्याणे की पुण्यतिथि पर पीपल का पौधा कृष्णपुरा खान नदी रोड के डिवाइडर पर लगाया। महेश गौहर, हरीश नागर, श्याम अजयपाल, राजेश मेवाती, नितेश टांक, सूरज गुहार, पंकज शिंदे, राजा चौहान उपस्थित थे।

# लायंस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर उड़ान एवं सेवा कुंज अस्पताल,गौसेवा विभाग, इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अन्तर्गत स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। परामर्श भी चिकित्सकों ने दिया, जांच भी की गई। 1600 लोगों के लाभ लेने की बात भी बताई। मनोज तिवारी, एन.के. मेहता, रेखा, अश्विनी, वत्सला अजमेरा, सोनाली जैन, जयन्ती अभ्यंकर, इंदु भंडारी, पल्लवी, कीर्ति, पदमा, उषा मौजूद थे।





# नशा मुक्त भारत के लिए रैली निकाली




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पब्लिक स्कूल जूनारिसाला ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए रैली निकाली जिसमे स्कूल के विद्यार्थी, उनके माता, पिता, स्कूल के स्टॉफ ने रैली में हिस्सा लिया। आयोजन में इसाक हबीब खान, दिलीप राजपाल, जाकिर खान, अल्ताफ मंसूरी, विलाल रेहमनी, जहांगीर, निशाद मेम, सीमादीदी, डॉ,अब्दुल गफ्फार खान चिस्ती, सुमति जैन ललवानी, साभीर खान, संगीत कार, किशन भालसे, साहेल खान,किशन भालसे, उपस्थित थे।

# बीएसएफ परिसर में पौधारोपण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बीएसएफ सीएसडब्ल्यूटी में पौधारोपण का आयोजन अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया।

# ब्रिज निर्माण में अधूरी सर्विस रोड की अनदेखी पड़ रही भारी

## लंबे समय से खुदाई कर छोड़ रखा है बड़ा हिस्सा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में मेडिस्टा हॉस्पिटल वाली लाइन में अधूरी सर्विस रोड़ की लंबे समय से अनदेखी भारी पड़ रही है। हालात यह है कि पिंक सिटी रिंगरोड से तीन इमली सर्विस रोड़ की ओर से आने वाले वाहन चालक संकरी रोड के पास खुदाई के कारण परेशान हो रहे हैं।

दूसरी तरफ मेडिस्टा हॉस्पिटल के पीछे से नेमावर रोड़ की ओर से आने वाले वाहन चालकों के आपस में गुत्थम - गुत्था होने से यहां श्रीकृष्ण नगर मेनरोड के सामने वाले मुख्य प्वाइंट पर सुबह - शाम भारी जाम की स्थिति रांग साइड आने वाले वाहन चालकों के कारण बन रही है। बावजूद इसके ब्रिज निर्माण करने वाली एमपी आरडीसी विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए अधिकृत ठेकेदार कंपनी के द्वारा सर्विस रोड निर्माण की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है।

**पीटीएस से जुड़ी रोड़ पर आधी से ज्यादा सर्विस रोड़ तैयार-**जबकि दूसरी तरफ पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय



पीटीएस रोड़ से जुड़ी सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य कुछ समय पहले शुरू किया गया था। जिसका आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बाद के हिस्से में बाधक धर्मस्थल और सुलभ शौचालय हटाने के बावजूद दोबारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

### सबसे बड़ी चुनौती बाधक नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग

जबकि अब इस हिस्से में ज्यादा दिक्कत नहीं है। केवल यहां से गुजर रही बड़ी नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग ही बड़ी चुनौती बनी है। इसके अलावा बाधक धर्मस्थल हटने से सर्विस रोड़ निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने में बड़ी राहत मिली है। बताया जा रहा है कि जहां से सुलभ शौचालय हटाया गया है उस हिस्से के पास सर्विस रोड बनाने का काम शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद जहां से बाधक धर्म स्थल हटाया गया है वहां नर्मदा लाइन शिफ्टिंग के बाद उस हिस्से में भी जल्द सर्विस रोड निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।वहीं अब इस हिस्से में सबसे बड़ी बाधा और चुनौती बाधक नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग है। इसके अलावा सभी मंदिरों को ब्रिज के बोगदो में व्यवस्थित विधि -विधान के साथ मंदिर नुमा प्लेटफार्म बनाकर शिफ्टिंग कर दिया गया है।

# बायपास को जोड़ने वाली सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार

## 30 फीट एक साइड की सड़क तैयार, दूसरे साइड अधूरा काम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में बिचोली हप्सी रोड से बायपास और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य लंबे समय से चलने के बावजूद अभी तक धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसके कारण यहां से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वर्तमान में बायपास से भीतर तक



नोबल हॉस्पिटल चौराहा पर बिचोली ग्रामीण और देवगुराडिया क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग तक बन रही लगभग 30 फीट चौड़ी मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में अब तक एक साइड की सड़क बनकर तैयार हुई है। जबकि दूसरे साइड के हिस्से वाली सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य अभी बाकी है।

### मां पीतांबरा धाम तक होगा एक जैसे लेवल में नई सड़क का निर्माण

वहीं आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) द्वारा बिचोली बाईपास से भीतर नोबल हॉस्पिटल चौराहा और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मैन रोड से मास्टरमाइंड स्कूल और मां पीतांबरा धाम तक बनने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है। आईडीए द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई जा रही इस मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि बचे हिस्से में भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा ताकि यहां से गुजरने वाले 50 से ज्यादा कालोनियों और सैकड़ों टाउनशिप के हजारों रहवासी परिवारों को भविष्य में आने वाले दिनों में सीधी नई सड़क बनने से बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही परेशानी भी नहीं होगी। जबकि अभी तक सीधी सड़क नहीं होने से हजारों रहवासी परिवार को इतने सालों से खासकर बारिश के मौसम में ऊबड़-खाबड़ सड़क से परेशानी हो रही थी। हालांकि अब कहा जा रहा है कि इस साल के अंत तक हर हाल में मुख्य सड़क निर्माण कार्य आने वाले दिनों में जल्द पूरा हो जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# 6 करोड़ से ज्यादा लागत वाले कम्युनिटी हॉल का निर्माण अटका

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम की खस्ता हालत और बजट की कमी ने मालवा मिल क्षेत्र में करीब सवा छह करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक नवनिर्मित कम्युनिटी हॉल का निर्माण का कार्य भी लम्बे समय से लटका कर रख दिया है। गौरतलब है कि चार बार टेंडर प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े आठ माह पहले पिछले साल दिसंबर माह के अंत में क्षेत्र के रहवासियों के लिए सौगात के रूप में करीब सवा छह करोड़ की बड़ी लागत से मालवा मिल चौराहे के पास रिक्त भूमि पर निगम ने लंबे समय के बाद कम्युनिटी हॉल निर्माण का कार्य शुरू करवाया था। लेकिन अब हालात यह है कि खुदाई के बाद कुछ दिन काम चलने के बाद अब आठ माह से भी ज्यादा लंबे समय से यहां का काम पूरी तरह से बंद पड़ा है।

रहवासी परिवारों को अब एक बार फिर से चिंता सताने लगी है कि आखिर ढाई साल पहले पुराने जर्जर कम्युनिटी हॉल को तोड़ने के बाद लंबे समय से अटके निर्माण कार्य का दोबारा शुभारंभ कब होगा। यही नहीं अगर ऐसे ही काम चला तो क्या इस साल दिवाली तक यहां का काम पूरा हो पाएगा। जबकि क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़ियां और विधायक महेंद्र हार्डिया के लगातार प्रयासों के बाद ही निगम ने पिछले साल ही बड़े बजट का होने के कारण बड़ी मुश्किल से यहां के लिए ठेकेदार की तलाश कर काम चालू कराया था। लेकिन अब वही अब कहा जा रहा है कि ठेकेदार का पेमेंट नहीं मिलने और बजट के संकट के चलते लंबे समय से यहां काम बंद ही पड़ा है।

# तीन इमली चौराहे के आसपास भिक्षुक गिरोह फिर हुआ सक्रिय

### शहर में रोक के बावजूद फिर दिखने लगे बाहरी भिक्षुक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तीन इमली चौराहे के आसपास भिक्षुक गिरोह ने एक बार फिर से डेरा डाल दिया है। जिनसे आमजन को सावधान रहने की जरूरत है। इनमें महिला पुरुष और बच्चों के साथ झुंड के रूप में आठ से दस लोग ब्रिज के आसपास चारों ओर घूम रहे है। इनका उद्देश्य जबरन सामान बेचकर या भीख मांग कर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशान करना है। दरअसल पहले भी इन बाहरी भिक्षुको का गिरोह इंदौर शहर के विभिन्न चौराहों और ब्रिज के आसपास सक्रिय था। ये लोग चौराहे से गुजरने वाले वाहन चालकों से भिक्षा मांगने, सामान बेचने या अन्य किसी तरीके से घेरकर विवाद करते हैं। अकेले व्यक्ति के साथ विवाद की स्थिति में भीड़ के रूप में सक्रिय हो जाते हैं और फिर दबाव बनाते हैं।



**रोक के बाद फिर सक्रिय भिक्षावृत्ति-** गौरतलब है कि इंदौर शहर में जिला प्रशासन के निर्देश पर भिक्षावृक्ति पर रोक लगी हुई है। यही नहीं भिक्षुकों का पुनर्वास योजना के अंतर्गत नगर निगम के शहरी गरीबी रेखा उन्मूलन प्रकोष्ठ के जरिए मदद कर भिक्षुक संरक्षण केंद्र पर रखा जाता है। जहां सामाजिक संस्थाओं एवं निगम की मदद से इनके रहने खाने और पुनर्वास की व्यवस्थाएं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से की जा रही है। ऐसे में इन दोनों चौराहों पर पहले जैसे कुछ आक्रामक बाहरी भिक्षुक का झुंड एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जिसे आमजन को सावधान रहने की जरूरत है साथ ही प्रशासन को इन पर कार्रवाई करते हुए इन्हें भिक्षुक केंद्र पर पहुंचाना चाहिए ताकि वाहन चालकों को इस तरह के भिक्षुकों के गिरोह के कारण परेशानी ना हो।

**सख्ती के साथ हटाने का चलाया था अभियान-**
वही बड़ी बात यह है कि कुछ साल पहले तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह के कार्यकाल के दौरान प्रशासन ने सख्ती के साथ भिक्षुकों को हटाने का अभियान शुरू किया था। भिक्षुकों को पुनर्वास केंद्र में पहुँचाकर भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए मंदिरों के आसपास और चौराहों पर सामान बेचकर और लोगों को परेशान करने वाले भिक्षुकों पर सख्ती का चाबुक चलाया गया था, लेकिन प्रशासनिक सख्ती अब कहीं भी नजर नहीं आ रही है। इसीलिए मंदिरों और चौराहों के आसपास एक बार फिर से भिक्षुक सक्रिय नजर आने लगे हैं।

# पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क का निर्माण जल्द करेगा शुरू

## आधा दर्जन गांव के हजारों लोगों को मिलेगा फायदा

## 3 करोड़ 90 लाख रु. से ज्यादा होंगे खर्च

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी अब सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेमलिया चाऊ, चोखे माना फाटा सहित आधा दर्जन अन्य गांव से जुड़ी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य बेहद जल्द शुरू करेगा। जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। यही नहीं इस कार्य पर लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 करोड़ 90 लाख 56000 से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। उक्त नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य के साथ सेंट्रल लाइटिंग लगाने और डिवाइडर के साथ अन्य कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने अपनी ओर से विभागीय तैयारी शुरू कर दी है।



बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द दीपावली से पहले निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही उक्त सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

उक्त सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांव के हजारों रहवासी परिवारों को सबसे बड़ा फायदा होगा। उन्हें ऊबड़-खाबड़ सड़क से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। साथ ही कीचड़ और गंदगी के साथ लंबे समय से आधी-अधूरी सड़क की बजाय नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात भी मिलेगी। साथ ही यहां से रात-दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी गड्ढों से मुक्ति मिलेगी। गौरतलब है कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा क्षेत्रीय मंत्री और विधायक तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से उक्त सड़क निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही थी। जिसके लिए पहले भी निविदा जारी की गई थी। जिसको लेकर ठेकेदार की तलाश लगातार जारी है। वही अब कहा जा रहा है कि इसी माह में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उक्त सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों बड़ी राहत मिलेगी।

## संपादकीय

# एसआईआर पर सवालः मतदाता सूची से नाम छूटने की चिंता के बीच आयोग के सामने नई चुनौती

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का अर्थ केवल सत्ता का चयन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। ऐसे में किसी पात्र नागरिक को तकनीकी कारणों का हवाला देकर मतदाता सूची से बाहर करना वैध रूप में उसके अस्तित्व को नकारने जैसा है। देश में मतदाता सूची को दुरुस्त और अद्यतन करने के उद्देश्य से शुरू किया गया विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर अब कई उलझनों और सवालों के घेरे में है। जिस प्रक्रिया का मकसद पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करना और अपात्र नामों को हटाना है, वही आम नागरिकों के लिए परेशानी और चिंता का कारण बन गई है। मताधिकार लोकतंत्र की पहचान है और अगर बड़ी संख्या में नागरिकों का यही अधिकार छिन जाए, तो चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। हाल ही में आयोग के भीतर मतभेदों को लेकर जिस तरह की खबरें सामने आई हैं, उससे उसकी निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता की साख भी दांव पर है। सड़क से लेकर अदालत तक में चुनाव आयोग से सवाल पूछे जा रहे हैं। इसी क्रम में बंबई उच्च न्यायालय ने बीते गुरुवार को कहा कि जब आयोग मतदाताओं के आचरण पर सवाल उठाता है, तो नागरिकों को भी यह पूछने का अधिकार है कि चौबीस साल बाद एसआइआर क्यों कराया जा रहा है! लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का अर्थ केवल सत्ता का चयन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी है। ऐसे में किसी पात्र नागरिक को तकनीकी कारणों का हवाला देकर मतदाता सूची से बाहर करना वैध रूप में उसके अस्तित्व को नकारने जैसा है। एसआइआर की प्रक्रिया में कई तरह की जटिलताएं हैं, जिनमें मतदाताओं के लिए पुराने रिकार्ड के आधार पर अपनी पहचान और पात्रता साबित करने की चुनौती प्रमुख है। देश भर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनके पास पुराने दस्तावेज उपलब्ध न हों। ग्रामीण क्षेत्रों, गरीब परिवारों, बुजुर्गों और प्रवासी मजदूरों के लिए इस तरह के जरूरी कागजात जुटाना आसान नहीं होता है। कई बार लोगों के नाम, पते और जन्मतिथि में मामूली अंतर भी उन्हें मतदाता सूची से हटाने का कारण बन जाता है। बंबई उच्च न्यायालय ने भी इस चिंता को रेखांकित करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयोग का प्रयास ऐसी मतदाता सूची तैयार करना होना चाहिए, जिसमें अधिकतम पात्र मतदाता शामिल हों। इस उद्देश्य के लिए आयोग को हर तरह के उपाय करने चाहिए। मगर स्थिति इसके विपरीत नजर आती है, क्योंकि देश भर में अब तक तेरह करोड़ से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए हैं। खबरों के मुताबिक, एसआइआर पर व्यापक चिंता और सवालों के बीच चुनाव आयोग अब सूची से बाहर हो गए लोगों की नए सिरे से तलाश शुरू करेगा। पुनरीक्षण में जो नाम स्थानांतरण, आवास पर नहीं मिलने, फार्म जमा न होने या अन्य तकनीकी कारणों से छूट गए हैं, उनका पता लगाकर उन्हें अपनी पात्रता साबित करने का फिर से मौका दिया जाएगा। मगर यह सवाल अब भी अपनी जगह कायम है कि क्या मतदाता सूची से बाहर किए गए सभी पात्र नागरिकों की बहाली हो पाएगी?

# फर्जी डिग्री से इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर का भंडाफोड़

## अवैध क्लिनिक सील, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मारा छापा; बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे दवाखाने का संचालक गिरफ्तार

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतोदा में फर्जी डिग्री के सहारे मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर के काले कारोबार पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिना किसी वैध लाइसेंस और पंजीयन के संचालित हो रहे अवैध क्लिनिक पर औचक छापेमारी की। मौके से अनाधिकृत रूप से प्रैक्टिस कर रहे आरोपी को दबोच लिया गया, जिसके बाद क्लिनिक को सील कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, महू के मुख्य विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश सिंगारे की शिकायत पर आरोपी पारितोष विश्वास पिता प्रमोथन विश्वास, निवासी दतोदा लालघाटी के खिलाफ मध्य प्रदेश आयुर्वेदिक अधिनियम, उपचार गृह अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। बीएमओ ने बताया कि लालघाटी क्षेत्र में लंबे समय से एक फर्जी डॉक्टर द्वारा अवैध दवाखाना चलाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों की तस्दीक के बाद स्वास्थ्य विभाग और सिमरोल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शाम करीब 6 बजे चिन्हित ठिकाने पर दबिश दी। जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी के पास इलाज करने से जुड़ी कोई वैध मेडिकल डिग्री या क्लिनिक संचालन का वैध पंजीयन नहीं मिला। आरोपी फर्जी और अनाधिकृत दस्तावेजों के आधार पर क्षेत्र के ग्रामीणों का इलाज कर रहा था। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया और जब्त दवाओं व उपकरणों के आधार पर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर तीन मोबाइल और नकदी ले उड़े

## संयोगितागंज में पुराने मकान से 40 हजार का सामान चोरी

**इंदौर।** एमजी रोड और संयोगितागंज थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आई हैं। एमजी रोड इलाके में अज्ञात बदमाश खुले दरवाजे का फायदा उठाकर घर के भीतर दाखिल हुआ और नकदी सहित तीन मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर, संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक बंद पड़े पुराने मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने बर्तन, घरेलू सामान, बिजली के उपकरण और नकदी समेत करीब 40 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ही मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर संबंधित थानों की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, एमजी रोड थाना क्षेत्र के नयापुरा निवासी मो. रईस पिता मो. यासिन अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर घर का दरवाजा खुला पाकर चुपके से अंदर घुस आया। बदमाश ने रईस के लोअर में रखी नकद राशि और उनकी व पत्नी के मोबाइल समेत कुल 3 मोबाइल फोन चुरा लिए और रफूचक्कर हो गया। एमजी रोड थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। चोरी की दूसरी वारदात संयोगितागंज थाना क्षेत्र में सामने आई, जहां चंद्रलोक चौराहा निवासी संजय कोठारी पिता भूपचंद कोठारी के प्रकाश नगर स्थित पुराने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। फरियादी संजय कोठारी के अनुसार, उनके बंद पड़े पुराने घर से अज्ञात आरोपी पुराने टाइप की अनाज रखने वाली स्टील की कोठियां, पानी के हंडे, डिनर सेट, लोहे की सीढ़ियां, बिजली के उपकरण और नकदी चुराकर ले गया। चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग 40 हजार रुपये आंकी गई है।



# देर रात पुलिस की सघन चेकिंग में धराए संदिग्ध, चाकू और हथियार जब्त

## गुंडों के बनाए डोजियर, हॉस्टलों के बाहर घूम रहे छात्रों को दी समझाइश

**इंदौर।** शहर में महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों ने 'ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट' के तहत देर रात शहर के संवेदनशील और शैक्षणिक इलाकों में अचानक दबिश दी। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों, अवांछित रूप से घूमने वाले तत्वों और धारदार हथियार लेकर चल रहे बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। राऊ और राजेंद्र नगर थाना क्षेत्रों में 'ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट' के तहत करीब 10 संदिग्धों की गहन चेकिंग की गई। ये लोग देर रात अवांछित गतिविधियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या प्रताड़ित करने जैसी प्रवृत्तियों में संलिप्त पाए गए थे, जिनके पुलिस ने डोजियर तैयार किए हैं। इसके अलावा बीट स्तर पर सूची के आधार पर सूचीबद्ध अपराधियों और गुंडों की निगरानी चेकिंग की गई, ताकि उनकी वर्तमान स्थिति और कामकाज का ब्यौरा जुटाया जा सके। उधर, आजाद नगर और मूसाखेड़ी क्षेत्र में सघन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखते ही एक संदिग्ध व्यक्ति अपना दोपहिया वाहन छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस को आशंका है कि लावारिस छोड़ा गया वाहन चोरी का हो सकता है, जिसकी जब्ती बनाकर पड़ताल की जा रही है। साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव के तहत भी वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।वहीं छात्र बहुल भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एसीपी विजय चौधरी और टीआई संतोष दूदी की अगुवाई में पुलिस बल ने पैदल मार्च किया। देर रात तक सड़कों और चाय की गुमटियों पर बेवजह बैठने वाले युवाओं व छात्रों को सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने-अपने हॉस्टल व पीजी जाने की समझाइश दी गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने काली फिल्म लगी एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर अंदर से लोहे का बेसबॉल बैट बरामद हुआ। इसके अलावा अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहे कई बदमाशों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि धारदार हथियार और संदिग्ध सामान लेकर घूमने वालों पर यह सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# मोहल्ला मीटिंग में सुरक्षा जागरूकता



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** झोन-2 से संबंधित थाना क्षेत्रों में मोहल्ला मीटिंग रहवासी समिति के साथ आयोजित की गई। रहवासियों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति पुलिस ने जागरूक किया। नौकर, हेल्पर, सुरक्षा गार्ड, मजदूर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन एवं अन्य घरेलू/सेवा प्रदाताओं का पुलिस वेरिफिकेशन कराने की अपील की गई। कॉलोनियों की टूटी बाउंड्रीवॉल दुरुस्त कराने, सुरक्षित फेंसिंग एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सुरक्षा संबंधी ई-ऐप इंस्टॉल करने का सुझाव दिया गया। थाना परदेशीपुरा और थाना कनाड़िया की अलग-अलग क्षेत्रों में रहवासियों के साथ बैठक हुई।

# लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उड़ाए 1.47 लाख रुपये

## फर्जी बैंक मैनेजर बनकर भेजा था लिंक, क्लिक करते ही हैंग हुआ मोबाइल

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवक को एक्सिस बैंक का मैनेजर बनकर फोन करने और क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच देकर 1 लाख 47 हजार रुपये की चपत लगाने का मामला सामने आया है। जालसाज ने फरियादी को एक व्हाट्सएप लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया और देखते ही देखते खाते से भारी-भरकम राशि उड़ गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, राजाराम नगर निवासी जितेंद्र पिता गोवर्धनलाल माहेश्वरी ने बाणगंगा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी जितेंद्र ने बताया कि गत 26 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक नंबर 9109131743 से कॉल आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक्सिस बैंक का मैनेजर बताया और भरोसे में लेते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। प्रक्रिया पूरी करने के बहाने जालसाज ने फरियादी के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने को कहा। जैसे ही फरियादी ने भेजे गए लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल अचानक हैंग हो गया और काम करना बंद कर दिया। कुछ ही देर बाद जब मोबाइल सामान्य हुआ, तो उनके क्रेडिट कार्ड से कुल 1,47,000 रुपये का अनधिकृत और धोखाधड़ीपूर्ण ट्रांजैक्शन होने का मैसेज आया। खाते से रकम कटते ही पीड़ित के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बाणगंगा थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबर और ट्रांजैक्शन ट्रेल की मदद से शातिर साइबर ठग की लोकेशन ट्रेस करने में जुट गई है।

## सोशल मीडिया के जरिये परिवार मिला

# तीन साल से लापता माँ मिली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विगत करीब 15 दिनों से धरमपुरी क्षेत्र में अर्धविक्षिप्त अवस्था में घूम रही एक महिला को सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद चंदानी की पहल से उसके परिवार से मिलाया गया। महिला की पहचान गुड़ियाबाई, निवासी खजूरी, जिला गुना के रूप में हुई। विनोद चंदानी ने महिला से बातचीत कर उसका नाम और पता जानने का प्रयास किया। महिला द्वारा अपना नाम गुड़ियाबाई तथा खजूरी, गुना निवासी होना बताए जाने पर चंदानी ने गुना निवासी अपने शिक्षक रहे श्यामबिहारी शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव तथा जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निजी सुरक्षा



अधिकारी गणेश जोशी से संपर्क किया। उन्होंने महिला का फोटो भेजकर उसके परिवार का पता लगाने में सहयोग मांगा।

इसके बाद महिला का फोटो सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित किया गया। फोटो देखकर इंदौर के गौरी नगर में रहने वाले महिला के दो पुत्र धर्मेंद्र ओझा एवं अंकित ओझा धरमपुरी पहुंचे और उन्होंने अपनी मां की पहचान की। पुत्रों ने बताया कि उनकी मां करीब तीन वर्षों से घर से लापता थीं। उन्होंने मां को काफी तलाश किया था तथा संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। धरमपुरी पहुंचने पर गुड़ियाबाई ने शुरुआत में अपने बड़े पुत्र धर्मेंद्र को पहचान लिया। इसके बाद वीडियो कॉल के माध्यम से उन्होंने अपने अन्य परिजनों से भी बातचीत की। लंबे समय बाद परिवार से मिलकर गुड़ियाबाई बेहद खुश नजर आईं। इस पहल में विनोद चंदानी, विनोद जायसवाल और पुलिस के बिल्लू पैंतल, अजय चौहान, गोलू ठाकुर, अर्जुन माली, दिनेश अग्रवाल, मेहताब सिंह कच्छावा, मदन प्रजापत, पलकेश जायसवाल, ऋतिक योगी का भी योगदान रहा।

## डिजिटल पेमेंट कंपनी के कर्मचारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

# बाथरूम में मिला शव

**इंदौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र के सुखलिया इलाके में एक डिजिटल पेमेंट कंपनी के युवा कर्मचारी द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने में आया है। शनिवार को जब युवक ने अपनी बहन के फोन कॉल का कोई जवाब नहीं दिया, तो परिजन उसकी तलाश में पहुंचे, जहां उसका शव घर के बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही हीरा नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### बहन का फोन न उठाने पर ढूंढने पहुंचे थे जीजा

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अरविंद पिता बलवंत गावड़े के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बैतूल जिले के हीवरखेड़ा का रहने वाला था और वर्तमान में सुखलिया इंदौर में रहकर एक डिजिटल पेमेंट कंपनी में कार्यरत था। शनिवार को जब अरविंद ने अपनी बहन का फोन उठाना बंद कर दिया, तो अनहोनी की आशंका में एरोड्रम इलाके में रहने वाले उसके जीजा पहले उसके दफ्तर पहुंचे। वहां अरविंद के न मिलने पर वे उसके सुखलिया स्थित कमरे पर गए। कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, लेकिन अंदर से कोई आवाज न आने पर जीजा ने जब भीतर जाकर देखा तो अरविंद कमरे में नहीं था। इसके बाद जब उन्होंने बाथरूम का दरवाजा खोला तो अरविंद फंदे पर झूलता हुआ मिला। परिजनों के अनुसार, अरविंद पर किसी तरह का कोई कर्ज या वित्तीय दबाव नहीं था और परिवार ने प्रेम-प्रसंग जैसी किसी बात से भी साफ इंकार किया है। मृतक के पिता गांव में खेती-किसानी करते हैं। हीरा नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## अग्नि सुरक्षा में चार भवन सील

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम इंदौर द्वारा शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न व्यावसायिक एवं संस्थागत भवनों का



निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कनाड़िया रोड पर कई भवनों का निरीक्षण किया और अग्नि सुरक्षा मानको की उपलब्धता नहीं पाई गई। इस पर चार भवन को सील किया गया। इसमें एक्सिस बैंक, ओपोलो फार्मेसी होम्योपैथिक क्लिनिक, मेडिकल स्टोर और ऑफिस के अलावा कोटक महिन्द्रा बैंक, बीएसएफ जिम सहित अन्य है।

## 'पुष्पित तूलिका' पत्रिका का आज शाम विमोचन और सम्मान आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था पुष्पित तूलिका नोबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान तथा त्रैमासिक पत्रिका 'पुष्पित तूलिका' के वार्षिक अंक के विमोचन का आयोजन देवी अहिल्या दरबार हाल, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय नालंदा परिसर में आज दोपहर 3.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, कुलसचिव डॉ. उज्जवल खरे, डॉ. राजीव शर्मा, अनिता चौहान, आरजी राजदान, शौर्य मल्होत्रा अतिथि होंगे। राजश्री कुलकर्णी, छोटेलाल भारती, भावना खोडे, डॉ. सुमंत कटियाल, संजय सावरे, डॉ. अशेष तिवारी का सम्मान होगा।

## निगम प्रांगण में यूनियन प्रतिनिधियों की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निगम प्रांगण इंदौर में प्रदेश के सफाई मजदुर संगठन सहित पंचायतो के पदाधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों, संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। जिसमे निर्णय हुआ कि कल 5 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में काम बंद हड़ताल की जाएगी। इस बैठक में विशेष रूप से का. सोहनलाल शिंदे, महेश गोहर, संतोष कल्याणे, हरीश नागर, श्याम अजयपाल, राजेश मेवाती, राजेश धोलपुरे, निलेश गोसर, अखिलेश मेवाती आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। युवा कामगार संघ के अध्यक्ष सूरज गोहर ने बताया कि ठेकेदारी प्रथा बंद की जाये, काम से बंद कर्मचारियो से माफ़ी नामा लेकर काम पर लिया जाये, 5 हजार नए पद भरे जाये, मेडिकल ग्राउंड पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाये आदि मांगो पर मोर्चा संगठन विगत कई दिनों से मुख्यमंत्री, महापौर, नगरीय प्रशासन मंत्री सहित को कई बार ज्ञापन दे चुके है। बैठक में अब यह भी निर्णय हुआ कि इस बार आर पार की लडाई होगी।

# ट्रेडिंग में कई गुना मुनाफे का लालच देकर 1.01 लाख की ठगी

### मुंबई की फर्जी कंपनी बताकर व्हाट्सएप पर किया कॉल

**इंदौर।** शेयर बाजार में निवेश और मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक युवक से 1 लाख 1 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठगों ने खुद को मुंबई की ट्रेडिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताकर फरियादी का ट्रेडिंग अकाउंट एक्सेस किया और वनटैप पेमेंट लिंक भेजकर रकम ऐंठ ली। बाणगंगा पुलिस ने व्हाट्सएप नंबर धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, देवास निवासी हर्षवर्धन पिता शिवसिंह राजपूत, हाल मुकाम- तिरुपति इंडस्ट्रियल एस्टेट, एमआर-10 रोड ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि बीते 21 जून को उनके व्हाट्सएप पर दो अज्ञात नंबरों 9920180582 और 9930741276 से कॉल और मैसेज आए। फोन करने वालों ने खुद को मुंबई की एक नामी ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ा बताकर शेयर बाजार में निवेश पर कई गुना रिटर्न दिलाने का लालच दिया। झांसे में आकर फरियादी ने 22 से 25 जून के बीच अपने 'ग्रो'अकाउंट का एक्सेस ठगों को दे दिया और उसमें 2 लाख रुपये अपलोड कर दिए, जिसे आरोपियों ने जानबूझकर घाटा में दर्शा दिया। इसके बाद शातिर ठगों ने एडवांस प्रॉफिट दिलाने के नाम पर 'वनटैप पेमेंट लिंक' भेजी और फरियादी से 7 अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1,01,000 रुपये जमा करवा लिए। जब ट्रेडिंग में भारी नुकसान के बाद भी एडवांस प्रॉफिट के नाम पर रुपये मांगे जाने लगे, तो फरियादी को साइबर फ्रॉड का अहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

## विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों के लिए जागरूक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यातायात निरीक्षक राजू सावले, लक्ष्मी धार्वे ने पलसीकर कालोनी स्कूल पहुंचकर वहां छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।



## बिजली इंजीनियरों के लिए क्षमता विस्तार प्रशिक्षण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभियंताओं की केएफडब्ल्यू अंतर्गत एनर्जी रिफार्म प्रोग्राम ट्रैनिंग शनिवार को अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय मालवीय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता तरुण उपाध्याय आदि की मौजूदगी में हुई। शुभारंभ अवसर पर संचालन रीना चौधरी ने किया।

# सुहानी, निवेदिता, कृति ने जीते स्वर्ण पदक





**इंदौर।** द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्वांडो टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन अंडर-19 बालिका वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने पदकों के लिए जोरदार मुकाबले किए।

अंडर-19 के -42 किग्रा वर्ग में विद्या देवी जिंदल स्कूल की सुहानी सर्राफ ने स्वर्ण, संस्कार वैली स्कूल की दीया यादव ने रजत तथा एमराल्ड हाइट्स की रिषा हरियाणि ने कांस्य पदक जीता। -49 किग्रा में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की निवेदिता सिंह भाटी प्रथम, एमराल्ड हाइट्स की श्रेया पोरवाला द्वितीय रहीं। काशवी भारद्वाज (सिंधिया कन्या विद्यालय) और अर्चिशा कुमार (संस्कार वैली स्कूल) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

-55 किग्रा में संस्कार वैली की कृति टिबरेवाल ने स्वर्ण, एमराल्ड हाइट्स की अवनिका नारायण सोनी ने रजत और महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल की दिशिता अग्रवाल ने कांस्य पदक हासिल किया। -68 किग्रा में संस्कार वैली की प्रज्ञाश्री सिंह प्रथम, राजमाता कृष्णा कुमारी की वंशिका सोढ़ा द्वितीय रहीं। आध्या भटनागर (एमजीडी) और आन्या गोयल (एमराल्ड हाइट्स) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

ओवरऑल परिणामों में अंडर-19 बालिका वर्ग में सिंधिया कन्या विद्यालय प्रथम, एमराल्ड हाइट्स द्वितीय और राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल तृतीय रहा। अंडर-17 में सिंधिया कन्या विद्यालय प्रथम, महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल द्वितीय और एमराल्ड हाइट्स तृतीय रहा। अंडर-14 में राजकुमार कॉलेज रायपुर प्रथम, एमराल्ड हाइट्स द्वितीय और सिंधिया कन्या विद्यालय तृतीय रहा।

समापन समारोह में पुरस्कार वितरण एमराल्ड हाइट्स के संचालक मुक्तेश सिंह ने किया। इस अवसर पर ऑब्जर्वर विकास सिमरैया और स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर अकरम खान उपस्थित रहे।

# किसान की बेटी आज बनेगी भारत की ध्वजवाहक



**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में खेले जा रहे एशियन गेम्स 2026 में भारत का परचम लहराने वाली स्टार निशानेबाज नीरू ढांडा को एक और बहुत बड़ा सम्मान मिला है। ट्रैप शूटिंग में अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन से देश का सिर गर्व से ऊंचा करने वाली नीरू को आज शाम होने वाले समापन समारोह के लिए भारतीय दल का आधिकारिक ध्वजवाहक चुना गया है। नागोया सिटी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में नीरू तिरंगा थामकर भारतीय दल की अगुआई करेंगी।

**एक ही एशियन गेम्स में नीरू के नाम रहे तीन-तीन मेडल-** आइची-नागोया खेलों में नीरू का सफर बेहद शानदार और यादगार रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में अपने सटीक निशानों के दम पर एक नहीं बल्कि पूरे तीन पदक (दो गोल्ड और एक सिल्वर) भारत की झोली में डाले। नीरू ने अपने पदक अभियान का आगाज महिलाओं की टीम ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतकर किया था। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में जिस तरह का प्रदर्शन किया उसने उन्हें एशियाई खेलों के इतिहास में अमर कर दिया।

**पहला गोल्ड जीतकर बनाया कीर्तिमान-** टीम इवेंट में सिल्वर जीतने के बाद नीरू ढांडा का असली जादू व्यक्तिगत स्पर्धा में देखने को मिला। उन्होंने फाइनल में बेहतरीन लय बरकरार रखते हुए गोल्ड पर निशाना साधा। इसके साथ ही वह एशियाई खेलों के इतिहास में महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गईं । इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारतीय निशानेबाजी के लिए एक नया अध्याय लिख दिया।

**एशियन गेम्स रिकॉर्ड के साथ जीता दूसरा गोल्ड–** व्यक्तिगत स्पर्धा में ऐतिहासिक सोना जीतने के बाद भी नीरू का जलवा थमा नहीं। उन्होंने मिक्सड टीम ट्रैप स्पर्धा में साथी निशानेबाज कीनन चेनाई के साथ मिलकर एक और स्वर्णिम सफलता हासिल की । भारतीय जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में 34 का स्कोर बनाकर कतर (32 अंक) को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि चीन (23 अंक) को कांस्य से ही संतोष करना पड़ा । इस मुकाबले में नीरू और कीनन की जोड़ी ने एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड भी कायम किया।



## कायरा ने तैराकी में जीते पदक

**इंदौर।** चोइथराम स्कूल, इंदौर में आयोजित इंटर-स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता में द मिलेनियम स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक हासिल किए। कायरा सक्सेना ने 25 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं एम्मा कुकरेजा ने 25 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्या ममता शेखावत, खेल प्रभारी गगन सिंह चंद्रावत एवं कोच सोनाली जोशी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# कप्तान गिल ने खराब गेंदबाजी और फील्डिंग पर निकाला गुस्सा

**न्यू चंडीगढ़।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में टीम इंडिया को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की, लेकिन कप्तान गिल टीम के इस प्रदर्शन से खुश नजर नहीं आए। उन्होंने डेथ ओवर में खराब गेंदबाजी और घटिया फील्डिंग पर नाराजगी जाहिर की। टीम के खिलाड़ियों को साफ संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले इस तरह की फील्डिंग से काम नहीं चलेगा और एक टीम के रूप में सभी को इस कमजोरी पर काम करना होगा। तीसरे वनडे में हार की वजह पर बात करते हुए गिल ने कहा कि भारत ने 351 रन का अच्छा स्कोर बनाया था, लेकिन आखिरी 4 ओवर में धीमे ओवर रेट के कारण उन्हें एक फील्डर अंदर रखना पड़ा । रात के समय ओस भी आ गई थी। यही उनकी टीम की हार का कारण बना। वेस्टइंडीज को जीत के लिए आखिरी 4 ओवर में 44 रन चाहिए थे। इसके बाद एक अतिरिक्त फील्डर अंदर आया और वेस्टइंडीज ने अगली 14 गेंदों में मैच जीत लिया। हालांकि, गिल ने यह भी कहा कि इस सीरीज में भारत ने कई पहलुओं पर काम किया । इनमें नीतीश रेड्डी और नमन धीर का अच्छा प्रदर्शन शामिल है ।



**कप्तान गिल का बयान–** कप्तान गिल ने कहा, 'बहुत सारे बॉक्स टिक हो गए । मुझे लगता है कि अभी भी कुछ एरिया हैं, जिनमें काम करने की जरूरत है। मैं टोटल से बहुत खुश था। मुझे लगता है कि गेम कंट्रोल में था। लेकिन इस ड्यू और फिर आखिरी 4 ओवर पीछे होने के कारण उन्होंने गेम हमसे छीन लिया। अगर हमारा एक फील्डर कम नहीं किए गया होता, तो गेम शायद लास्ट ओवर तक जाता। कुलदीप को देर से गेंदबाजी में लाने के सवाल पर उन्होंने कहा, हमें नहीं पता था कि गुरनूर अपने क्रैम्प्स के साथ वापस आकर बॉलिंग करेगा या नहीं। इसलिए वहां थोड़ी अनिश्चितिता थी। हम जानते थे कि मैच आखिर तक जाएगा और, वह एक विकेट-टेकर हैं और मैं चाहता था कि आखिर में उनके कुछ ओवर हों।

भारतीय टीम की तैयारियों पर कप्तान गिल ने कहा, मैं कहूंगा कि मैं काफी खुश हूं, लेकिन जैसा मैंने कहा, मुझे लगता है कि अभी भी कुछ एरिया हैं। हमारी फील्डिंग बहुत बेहतर हो सकती थी। कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि सीरीज में हमने लगभग 6 या 7 कैच छोड़े, जो वर्ल्ड कप से पहले अच्छा संकेत नहीं है। आप चाहते हैं कि आपकी फील्डिंग बेहतरीन हो। हमें डेथ बॉलिंग में काम करने की जरूरत है। मुझे लगता है, कभी-कभी हम सच में क्लियर नहीं होते कि हम अटैक कर रहे हैं या डिफेंड कर रहे हैं, खासकर जब हम डेथ ओवर्स में बॉलिंग कर रहे होते हैं। अगर विरोधी टीम 5 या 6 रन पीछे है, तो आप कभी भी पक्का नहीं होते कि कौन सी फील्ड लेनी है, क्या हम डेथ ओवर्स में बहुत जल्दी जा रहे हैं या हम अभी भी मिडिल ओवर्स की तरह बॉलिंग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसे एरिया हैं, जिनमें हमें निश्चित रूप से बेहतर होने की जरूरत है।



## 430 शतरंज खिलाड़ी कर रहे हैं खिताब की होड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यूनाइट इंदौर चेस क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर के सहयोग से एवं श्री वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी की मेजबानी में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फाइड रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2026 में पांच राउंड के मुकाबलों के बाद रोमांचक स्थिति बनी हुई है। पांच राउंड के पश्चात 8 खिलाड़ी 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अतिथि विकास साहू का स्वागत कमल वर्मा, गजानन्द उंडे ने किया। खिताब की होड़ में 430 शतरंज खिलाड़ी अपने जौहर दिखाकर प्रयास कर रहे हैं। इनमें से शीर्ष समूह में इंदौर के अनुभवी खिलाड़ी हितेश सिंह जरिया, प्रकाश यादव, सेरा डागरिया, कियान पोरवाल एवं आरव माहेश्वरी, जबलपुर के चैतन्य अवध, नरसिंहपुर के वैभव नेमा तथा खंडवा के वैभव तोमर शामिल हैं। इंदौर के 278 खिलाड़ी तथा मध्य प्रदेश के 36 जिलों से 152 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में 59 महिला खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश कर रही हैं, जबकि 102 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय फाइड रेटिंग प्राप्त हैं। द्वारका परदेशी ने उक्त जानकारी दी।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता जारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता-2026 के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल दिखाया। केशव विद्यापीठ, छोटा बांगड़दा रोड, इंदौर में आयोजित अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता–2026 के तीसरे दिन देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों के बीच रोमांचक एवं कड़े सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। विभिन्न आयु वर्गों के परिणाम इस प्रकार रहे– अंडर–19 वर्ग दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को 28–12 से पराजित किया। राजस्थान ने उत्तर क्षेत्र को 25–19 से हराया। अंडर–17 वर्ग उत्तर क्षेत्र ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को रोमांचक मुकाबले में 21–19 से पराजित किया। दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को 29–24 से हराया। अंडर–14 वर्ग मध्य क्षेत्र ने राजस्थान को 18–10 से पराजित किया। पश्चिम उत्तर प्रदेश ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को बेहद कड़े मुकाबले में 18–17 से हराया। विद्या भारती मध्य क्षेत्र के सह-मंत्री श्री प्रकाश जी धनकर एवं मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. हरदीपसिंह रुप्पल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आज भी सुबह से खेल शुरू हुआ।



# इंटर-स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता में जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के तैराकों ने 30 सितंबर 2026 को माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर-स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन से 3 स्वर्ण, 11 रजत और 8 कांस्य सहित कुल 22 पदक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल की।प्रतियोगिता में जगविजय जुनेजा ने 25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एवं फ्रीस्टाइल में रजत, दिवित गंगवाल ने 25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एवं बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक तथा अखंड सिकरवार ने 25 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक जीता। आयांश मंगल ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। भावेश पाटीदार ने 25 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण एवं 50 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक प्राप्त किया।प्रत्युष दारव्हेकर ने 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीता। ऐशलीन कौर भाटिया ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत एवं 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य, प्रबल प्रताप सिंह एवं गौरांश शर्मा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। गौरांश शर्मा ने 4द25 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में भी रजत पदक जीता। शब्बीर थैलीवाला ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण, 100 मीटर इंडिविजुअल मेडले में रजत तथा 4द25 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में रजत पदक प्राप्त किया। पूर्वांश सोनी ने रिले में रजत पदक एवं विहान व्यास ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य तथा रिले में रजत पदक जीता।



# बाल केसरी टूर्नामेंट दंगल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दास हनुमान व्यायामशाला शाखा श्री ब्रजलाल उस्ताद द्वारा बाल केसरी टूर्नामेंट दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सभी बाल केसरी विजेता पहलवानों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगद राशि, गुर्ज एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता पहलवानों का सम्मान किया गया। इस दौरान वीरेन्द्र गुप्ता, किशन गुप्ता उस्ताद, कैलाश कुसमाकर, आकाश गुप्ता पहलवान, कृष्णा यादव पहलवान, मोंटी कौशल पहलवान सहित अन्य मौजूद थे।



# इंडक्शन चूल्हे में उतरे करंट से महिला की दर्दनाक मौत

## पति के लिए खाना बनाते समय हुआ हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दुखद घरेलू हादसा सामने आया, जहां इंडक्शन चूल्हा चालू करते समय बिजली का तेज करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। रसोईघर में खाना बनाने के दौरान जैसे ही महिला ने चूल्हे का प्लग सॉकेट में लगाया, वह करंट की चपेट में आ गई। अचेत अवस्था में परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खुड़ैल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका की पहचान सुनीता पति मांगीलाल चौहान (30) निवासी खुड़ैल के रूप में हुई है। घटना बीती रात की है, जब सुनीता अपने पति मांगीलाल के लिए रात का खाना तैयार करने रसोई में गई थी। इंडक्शन चूल्हा चालू करने के लिए जैसे ही उसने प्लग बोर्ड में लगाया, उसमें अचानक करंट उतर आया। करंट लगते ही महिला जोर से चिल्लाई और फर्श पर गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद पति और भांजा तुरंत रसोईघर की ओर भागे, जहां सुनीता बेसुध पड़ी मिली। परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजनों ने बताया कि इंडक्शन चूल्हे के प्लग से ही उसे जोरदार झटका लगा था। मृतका अपने पीछे एक मासूम बेटे और पति को छोड़ गई है, जो पेशे से मिस्त्री का काम करते हैं। खुड़ैल पुलिस मामले में मर्ग जांच कर हादसे के तकनीकी कारणों का पता लगा रही है।

## युवक की संदिग्ध मौत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कनाडिया थाना क्षेत्र के झलारिया में रहने वाले सत्यनारायण पिता कमल (26) की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। परिजन अचेत हालत में युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

## जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा में रहने वाली राजू बाई पति बने सिंह (53) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि राजू बाई की बेटे और बहू से अनबन भी चल रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।



## ट्रक और कार में भिड़ंत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** तीन इमली चौराहा पर ट्रक और कार में भिड़ंत का मामला सामने आया है। कार क्रमांक एमपी 09 बीए 5722 और ट्रक क्रमांक एमपी 04 एचई 9667 के बीच तीन इमली चौराहा के समीप टक्कर हो गई। ट्रक में लकडियां भरी हुई थी। तीन इमली पर सडक भी बदहाल स्थिति में है। टक्कर के कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# जीजा ने ही कर डाली अश्लील हरकत

## विरोध करने पर धमकाया

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला के साथ उसके ही जीजा द्वारा अभद्रता और अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, तुकोगंज क्षेत्र में रहने वाली 38 वर्षीय पीड़िता ने थाने में उपस्थित होकर आरोपी जुनैद खान निवासी आजाद नगर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसकी छोटी बहन का पति है। वारदात वाले दिन आरोपी उनके घर के मुख्य दरवाजे के बाहर पहुंचा और पीड़िता के पति का नाम लेकर जोर-जोर से अश्लील गालियां देने लगा। घर के बाहर शोर-शराबा सुनकर जब पीड़िता बाहर आई और उसने आरोपी को गालियां देने से मना किया, तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोपी ने बुरी नीयत से पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे अपनी ओर खींच लिया और उसके साथ अभद्र हरकत की। पीड़िता ने तुरंत खुद को छुड़ाते हुए आरोपी को धक्का दिया और मदद के लिए चिल्लाई। महिला की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी मौके पर एकत्र होने लगे, जिन्हें आता देख आरोपी पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। तुकोगंज थाना पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी जुनैद खान के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिसकर्मियों पर स्कार्पियो चढ़ाने वाला आरोपी पुलिस को धक्का देकर हो गया फरार

## हथकड़ी समेत भागा घेराबंदी कर पुलिस ने फिर दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में चैकिंग पॉइंट पर ड्यूटीरत सिपाही पर गाड़ी चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाला दुस्साहसी आरोपी अनुज मीणा पुलिस कस्टडी से भाग निकला। एमवाय अस्पताल से मेडिकल कराकर लौटते वक्त बाइक बंद होते ही आरोपी प्रधान आरक्षक को धक्का देकर हथकड़ी समेत अंधेरे में गायब हो गया। हालांकि, मुस्तैद पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर कुछ ही देर में उसे दोबारा धर दबोचा। संयोगितागंज थाना पुलिस ने अभिरक्षा से भागने की कोशिश करने पर आरोपी के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कर ली है।



संयोगितागंज थाने में पदस्थ आरक्षक सत्येंद्र सिंह जादौन की रिपोर्ट के अनुसार, वे प्रधान आरक्षक राजकुमार के साथ आरोपी अनुज मीणा निवासी पालदा, इंदौर मूल निवासी खातेगांव का मेडिकल कराकर शासकीय मोटरसाइकिल से थाने लौट रहे थे। एबी रोड पर एसबीआई बैंक के पास अचानक तकनीकी खराबी से बाइक बंद हो गई। पुलिसकर्मी बाइक चालू करने में लगे थे, तभी आरोपी अनुज ने प्रधान आरक्षक को तेज धक्का दिया और हथकड़ी सहित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़ा हुआ।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी अनुज को पुनः अपनी कस्टडी में ले लिया। गौरतलब है कि आरोपी अनुज और उसके साथी ने पीसी सेठी अस्पताल के सामने बैरिकेड्स तोड़कर ऑन-ड्यूटी सिपाही लालसाहब जाटव पर स्कॉर्पियो चढ़ा दी थी, जिसमें सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हत्या के प्रयास के दर्ज मामले में गिरफ्तारी के बाद अब कस्टडी से भागने की धारा में भी आरोपी पर नया केस कायम किया गया है।

# यातायात पुलिस को मिली चोरी हुई स्कूटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

यातायात निरीक्षक राजू सावले व टीम को यशवंत रोड़ से राजवाडा तरफ भ्रमण के दौरान एक स्कूटी एमपी-09 झेडटी 8786 लावारिस खड़ी मिली, आसपास के लोगो से पूछने पर बताया गया कि यह गाड़ी काफी समय से खड़ी है, संदिग्ध स्थिति मालूम होने पर उपरोक्त वाहन के नंबर को आर जयंत शुक्ला द्वारा पीओएस मशीन से चेक करने पर उपरोक्त वाहन की चोरी की रिपोर्ट सराफा थाना में एफआईआर नंबर 0076 को होना पाया गया। आर पूरन शाक्यवार द्वारा सराफा थाने मे संपर्क कर उपरोक्त वाहन की जानकारी दी गयी और उपरोक्त वाहन के मालिक का नंबर निकाल कर आर. शेखर द्वारा वाहन स्वामी मोह. इकबाल से संपर्क कर वाहन की जानकारी ली तो वाहन स्वामी द्वारा बताया गया कि मेरा वाहन चोरी हुआ था जिसकी रिपोर्ट सराफा थाने मे की गयी थी। उपरोक्त वाहन थाना बीट सराफा के सुपुर्द किया गया। इस कार्य में वालिया थन्दार, शेखर गवली, पूरन शाक्यवार, जयंत शुक्ला का भी योगदान रहा।



# दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग से तंग नाबालिग ने पिया जहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

जिले के देहात थाना क्षेत्रों में महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ अपराध के दो गंभीर मामले दर्ज किए गए हैं। पहले सनसनीखेज मामले में खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को ब्लैकमेल कर डेढ़ महीने तक लगातार दुष्कर्म करने की बात सामने आई है। आरोपी की धमकियों और मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर पीड़िता ने जहरीला पदार्थ पी लिया था, जिसके बाद अस्पताल में दर्ज बयानों के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे मामले में बेटमा थाना पुलिस ने शादी का झूठा झांसा देकर एक महिला का शारीरिक शोषण करने वाले राजस्थान के आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, खुड़ैल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी शिवम पिता प्रेमसिंह, निवासी बेटमा क्षेत्र के खिलाफ पाक्सो एक्ट और दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व दोपहर में जब परिवार के सदस्य काम पर और भाई-बहन पढ़ाई के लिए स्कूल गए हुए थे, तब तबीयत ठीक न होने के कारण वह घर में अकेली थी। उसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और अश्लील फोटो वायरल कर परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। फोटो के जरिए बदनाम करने की लगातार मिल रही धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने बीती 29 सितंबर को कीटनाशक पी लिया था। अस्पताल में उपचार के बाद पुलिस द्वारा दर्ज किए गए बयानों के आधार पर खुड़ैल पुलिस ने आरोपी शिवम के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। उधर,

## शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार

देहात के ही बेटमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने पीथमपुर निवासी 37 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी कृष्ण कुमार डाबला निवासी ग्राम डोडाकरी, जिला अलवर, राजस्थान के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा दिया था। शादी का झूठा भरोसा दिलाकर आरोपी ने पीड़िता के साथ अलग-अलग स्थानों पर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर बेटमा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।